RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरु

# स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्ष-10 अंक-176 जयपुर, बुधवार, 24 दिसम्बर 2025 मूल्य-4 रूपये

### बांग्लादेश में चंद्र दास की नृशंस हत्या का देशभर में विरोध प्रदर्शन

## दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विहिप ने किया उग्र प्रदर्शन, यूनुस का पुतला जलाया

### पुलिस-प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प

नई दिल्ली/ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार और हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन किया जा रहा है। विश्व हिंदू परिषद और अन्य हिंदू संगठनों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात है। इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है।

बांग्लादेश में 18 दिसंबर की रात हिंदू युवक दीपू चंद्र की हत्या कर दी गई थी। पहले यह दावा किया जा रहा था कि दीपू ने फेसबुक पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी की थी, लेकिन शुरुआती जांच में इसका कोई सबूत नहीं मिला।



इस बीच बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया है। यह एक हफ्ते में दूसरी बार है, जब भारतीय उच्चायुक्त को बुलाया गया है। बांग्लादेशी छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद भारत विरोधी प्रदर्शनों और फिर मैमन सिंह जिले में दीपू की मॉब लिंचिंग को लेकर दोनों देशों के रिश्ते काफी बिगड़ गए हैं।

### राजनयिक मिशनों पर हमले को लेकर चिंता जताई

बांग्लादेश ने मंगलवार को भारत में अपने राजनयिक मिशनों पर हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक इन घटनाओं के विरोध में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया। घटनाएं नई दिल्ली और सिलीगुड़ी में हुई।

बांग्लादेश ने कहा कि यह हिंसा और डराने-धमकाने की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। ऐसे कृत्य न सिर्फ राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, बल्कि आपसी सम्मान, शांति और सहिष्णुता जैसे मूल्यों को भी कमजोर करते हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, प्रणय वर्मा को भारत में बांग्लादेशी मिशनों की सुरक्षा स्थिति को लेकर बुलाया गया।

### चटगांव जिले में हिंदू परिवारों के घर जलाए

*ढाका। बांग्लादेश के चटगांव जिले में हिंदू परिवारों के घरों में आगजनी की गई है। सोमवार तड़के करीब 3:45 बजे पश्चिम सुल्तानपुर गांव में दो हिंदू परिवारों के घरों में आग लगा दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, दो घरों के कुल सात कमरे जलकर खाक हो गए। ये घर सुखा शिल (दुबई में काम करते हैं) और दिहाड़ी मजदूर अनिल शिल के थे। घटना के वक्त घरों में आठ लोग मौजूद थे। रात का खाना खाकर सभी सो गए थे, तभी अचानक आग लग गई। जब परिवार के लोगों ने बाहर निकलने की कोशिश की तो पाया कि दरवाजे बाहर से बंद हैं। जान बचाने के लिए उन्होंने बांस और टीन की दीवारें काटकर किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।*

### एसआईआर: केरल, मध्यप्रदेश और छत्तीसढ़ की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी

## मध्य प्रदेश के 42.74 लाख, छत्तीसगढ़ में 27 लाख नाम कटे

नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की, जिसमें से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इसमें 19.19 लाख पुरुष, 23.64 लाख महिलाएं हैं। लिस्ट में 8.46 लाख मृत, 8.42 लाख अनुपस्थित, 22.78 लाख शिफ्ट और 2.76 लाख डुप्लिकेट पाए गए। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। केरल विधानसभा की सभी 140 सीटों पर 2026 में चुनाव होना है। इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश- पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी। इन राज्यों में अलग-



अलग कारणों से कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख, बंगाल से 58 लाख और राजस्थान से 44 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। 17 दिसंबर- 5 राज्यों-ज्ञ में 1 करोड़ से ज्यादा नाम कटे, बंगाल में सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल- यहां 58 लाख 20 हजार 898 वोटरों के नाम हटाए गए। इनमें 24 लाख 16 हजार 852 नाम मृत वोटरों के हैं। 19 लाख 88 हजार 76 वोटर ऐसे हैं, जो दूसरे जगह शिफ्ट हो गए हैं। 12 लाख 20 हजार 38 वोटर लापता, 1 लाख 38 हजार 328 डुप्लीकेट या फर्जी और 57 हजार 604 नाम अन्य कारणों से हटाए गए। राजस्थान- एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 41.85 लाख वोटर्स के नाम काटे गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट के साथ एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड और ऑलरेडी एनरोल्ड लिस्ट दी गई है। गोवा- 11.85 लाख मतदाताओं में से 10.84 लाख ने फॉर्म जमा किए। यहां 1 लाख से ज्यादा नाम हटे, जिनमें मृत, अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित और डुप्लीकेट मतदाता शामिल हैं।

## इसरो आज श्रीहरिकोटा से कम्युनिकेशन सैटेलाइट लॉन्च करेगा

### अंतरिक्ष से स्मार्टफोन से कॉल हो सकेगी

**श्रीहरिकोटा।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से इंडियन स्पेस रिसर्च सेंटर आज अपना एक अहम कॉमर्शियल मिशन लॉन्च करने जा रहा है। LVM3-M6 रॉकेट के जरिए अमेरिका का अगली पीढ़ी का कम्युनिकेशन सैटेलाइट ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 सुबह 8:54 बजे लॉन्च किया जाएगा। ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 मिशन एक ग्लोबल LEO कांस्टेलेशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सैटेलाइट के जरिए सीधे मोबाइल फोन पर कनेक्टिविटी देना है। इससे 4G और 5G वॉयस कॉल, वीडियो कॉल, मैसेजिंग और डेटा सेवाएं दुनिया के किसी भी हिस्से में उपलब्ध कराई जा सकेंगी। किसी भी स्मार्टफोन के जरिए अंतरिक्ष से सीधे कॉल की जा सकेगी।

हालांकि अभी तो प्लेन में बैठकर भी कॉल नहीं कर सकते क्योंकि यह नेविगेशन सिस्टम पर असर डालता है। इसमें 223 स्क्वायर मीटर का फेज्ड ऐरे है, जो इसे लगभग 600km की ऊंचाई पर, लो अर्थ ऑर्बिट में डिप्लॉय किया गया अब तक का सबसे बड़ा कॉमर्शियल कम्युनिकेशन सैटेलाइट बनाता है।

## कश्मीर में भारी बर्फबारी, मैदानों में छाया रहा कोहरा

कश्मीर

पूर्वी और उत्तरी भारत के ज्यादातर हिस्से मंगलवार को भी कड़ाके की ठंड की चपेट में रहे। सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में मंगलवार को बहुत घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता 50 मीटर तक दर्ज की गई। अमेठी में कोहरे के कारण छह वाहनों के आपस में टकराने से दो लोगों की मौत हो गई। दिल्ली-एनसीआर में हालांकि धूप खिली, जिससे सोमवार के मुकाबले ठंड से थोड़ी राहत मिली। कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी



अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कम से कम 10 उड़ानें रद्द कर दी गई और 270 से अधिक उड़ानें विलंबित हुई। उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ इलाकों में भी शीतलहर की स्थिति बनी रही।

जम्मू-कश्मीर में चिल्ले कलां के तीसरे दिन भी कई इलाकों में जोरदार बर्फबारी हुई। कश्मीर के साधना टॉप, राजदान टॉप, जोजिला पास पर तीन फीट बर्फबारी हुई। वहीं, गुलमर्ग और शोपियां में हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। दूसरी ओर मुगल रोड और गुरेज-बांदीपोरा मार्ग बर्फबारी के कारण अब भी बंद है। क्रिसमस और नए साल का स्वागत बर्फबारी से होने के आसार हैं।

## यूपी का उन्नाव रेप केस-पूर्व बीजेपी विधायक सेंगर को जमानत

### दिल्ली में मां के साथ पीड़िता धरने पर बैठी, आधी रात पुलिस ने जबरन उठाया

**नई दिल्ली।** उन्नाव रेप केस में उम्रकैद की सजा काट रहे भाजपा के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने बेल दे दी है। अदालत ने चार शर्तों के साथ कुलदीप सेंगर को रिहा करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ रेप पीड़िता, उसकी मां और एक्टिविस्ट योगिता भयाना मंगलवार की शाम इंडिया गेट के सामने धरने पर बैठ गई। आधी रात पुलिस इंडिया गेट पहुंच गई। पुलिस ने उन्हें वहां से हटने के लिए कहा। इस पर नोकझोंक और बहस हुई। आखिरकार तीनों को जबरन इंडिया गेट से हटा दिया गया। महिला सिपाही पीड़िता और उसकी मां को उठाकर अपने साथ ले गई।

पुलिस तीनों को लेकर कहां गई है, इसका पता नहीं चल सका है। एक्टिविस्ट योगिता भयाना ने पुलिस पर सवाल उठाए हैं। एक्स पर उन्होंने कहा- एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उच्चित है? उसकी यही गलती है कि न्याय की मांग कर रही है? ये कैसा न्याय है?

## आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम का सफल टेस्ट

### अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद लक्ष्यों को निशाना बनाया

नई दिल्ली

भारतीय सेना ने मंगलवार को आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) मिसाइल सिस्टम का सफल ट्रायल किया। इस सिस्टम ने सभी जरूरी सर्विस क्वालिटी मानकों (PSQR) को पूरा किया। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। DRDO के मुताबिक, ट्रायल के दौरान आकाश-ह्न ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर



मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीक तरीके से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। यह सिस्टम पूरी तरह स्वदेशी तकनीक से बना है। इसमें देसी ऋ्न सीकर और सॉलिड रॉकेट मोटर लगी है। आकाश-ह्न मिसाइल तेज रफ्तार और अलग-अलग तरह के हवाई खतरों से देश की सुरक्षा करने में अहम भूमिका निभाएगी। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम एक आधुनिक और ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम है। इसे DRDO ने विकसित किया है और इसका निर्माण भारत डायनेमिक्स लिमिटेड ने किया है। यह सिस्टम एकसाथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है।

## रामगंजमंडी में बार चुनाव को लेकर वकीलों में हाथापाई-मारपीट

### लोगों ने बीच बचाव किया,दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज

कोटा

कोटा के रामगंजमंडी में बार चुनाव को लेकर वकीलों के दो पक्ष उपखंड कार्यालय परिसर में आपस में भिड़ गए। हाथापाई हुई, एक दूसरे के थप्पड़ जड़ दिए। मौके पर मौजूद वकील व पुलिसकर्मियों ने बीच बचाव किया। जिसके बाद दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों का मेडिकल करवाया है। सोमवार को हुई इस घटना का वीडियो सोशल



मीडिया पर वायरल हो रहा है। झगड़ा वकील अजय गुप्ता और चंदन गुप्ता के बीच हुआ। एडवोकेट अजय मीणा ने बताया कि रामगंजमंडी बार के 12 दिसंबर को चुनाव होने थे, लेकिन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे चंदन गुप्ता इसके लिए राजी नहीं थे। उनकी इच्छा आगामी चार पांच वर्षों तक बार एसोसिएशन का अध्यक्ष बने रहने की थी। हमने इसका विरोध किया।

जिसे देखते हुए बाद में एडवोकेट मारूफ अली को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। जिनका स्वभाव काफी ज्यादा अग्रेसिव है। वह ज्यादातर लड़ाई झगड़े में शामिल रहते हैं। इसका भी विरोध किया तो 6 लोगों ने मेरे साथ मारपीट की। लोहे की रोड से मारपीट करने पर पैर समेत अन्य जगह काफी गंभीर चोट आई है। मारपीट करने वालों में चंदन गुप्ता, मारूफ अली, दिलीप गुप्ता, क्षितिज गुप्ता समेत 6 लोग थे। जिनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे चंदन गुप्ता ने बताया कि 12 दिसंबर को बार एसोसिएशन के चुनाव होने थे, लेकिन बार एसोसिएशन के 75 सदस्यों में से 46 सदस्यों ने मुझे अध्यक्ष समेत पुरानी कार्यकारिणी के ही पद पर बने रहने के लिए अपनी सहमति दी। जिसके बाद चुनाव नहीं करवाए। कुछ लोगों द्वारा चुनाव के लिए कहा जा रहा था, लेकिन अदालत परिसर में 35 लाख के विकास कार्य होने थे।

कुछ सदस्यों के बार चुनाव की कहने पर एडवोकेट मारूफ अली और जीवन गंगवाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। जिन्होंने चुनाव की घोषणा कर दी थी। चुनाव 10 जनवरी से पहले करवाए जा रहे थे। इस मामले में चुनाव अधिकारी ने अदालत परिसर में एक नोटिस चस्पा किया था। जिसमें आगामी चुनाव को देखते हुए व्यक्तिगत और सोशल मीडिया के माध्यम से बार के सदस्यों को कोई टिप्पणी नहीं करने की बात लिखी थी। लेकिन एडवोकेट अजय मीणा ने वह नोटिस चुनाव अधिकारी के सामने की फाड़ दिया।

### किसान सम्मेलन में दो हजार करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी

## जो किसान को ठगेंगे, वे बचेंगे नहीं: मंत्री शिवराजे सिंह

मेड़ता (नागौर)

राजस्थान के नागौर में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- कांग्रेस जी रामजी से परेशान है। पगड़ी का मान, आपका सम्मान और किसानों की शान कभी जाने नहीं दूंगा। उन्होंने कहा- केंद्र सरकार किसानों के लिए बीज का कानून, पेस्टीसाइड एक्ट ला रही है। इससे नकली बीज बेचने वालों पर नकेल लगेगी। मंत्री किरोड़ी लाल मीणा को लेकर शिवराज सिंह चौहान ने कहा- हम मामा,वो बाबा, लेकिन वो कह रहे थे कि हमें जल्दी जाना है। हम एक बार आते हैं तो जिंदगी भर छोड़कर नहीं जाते हैं।

शिवराज सिंह चौहान ने कहा- पीएम आवास योजना का सर्वे हो



चुका है। पीएम आवास योजना के तहत जिन्हें अभी तक मकान नहीं मिला। वे चिंता मत करना। सर्वे हो गया है। कोई भी झोपड़ी में नहीं रहेगा। अब तय कर दिया है कि 15 हजार रुपए की तक की आमदनी वाले को भी मकान मिलेगा। एक नियम उसमें बना था कि जिसके पास दुपहिया है, उसे मकान नहीं मिलेगा। आजकल जब मजदूर भाई-बहन मजदूरी करने जाता है तो बाइक पर जाता है। अब इसे हटा दिया है। जिसके पास दुपहिया है, उसे भी मकान मिलेगा। एक शर्त और लगी थी कि फोन है, तो मकान नहीं मिलेगा। इस समय बिना फोन के कौन है। अब ये नियम भी बदल दिया है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- अभी हम दो कानून अगले सत्र तक लाने वाले हैं। पहला बीज का कानून। कई बार कंपनियां महंगा बीज बेच देती है। बीज खराब निकल जाता है। किसान ठगा महसूस करता है। इसके लिए कांग्रेस ने कोई प्रावधान नहीं रखा था। अब जो किसान को ठगेंगे वे बचेंगे नहीं। इसके साथ ही नकली खाद और घटिया पेस्टीसाइड, ये कोई भी नहीं बेच पाएगा। जिसमें ऐसे बेईमानों को कहीं का नहीं छोड़ा जाएगा।

### सरकार की योजना से कांग्रेस परेशान

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- एक नई योजना बनी है। विकसित भारत जी राम जी योजना। अब कांग्रेस के लोग परेशान है। आलोचना कर रहे हैं। विरोध कर रहे हैं। गड़बड़ हो गई। मैं ग्रामीण विकास मंत्री भी हूं। ये इतनी बेहतर योजना प्रधानमंत्री ने बनाई है कि जिसमें मजदूरों का कल्याण और किसानों का ध्यान रखा गया है।

### सीएम बोले- सरकार युवाओं के साथ

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- युवाओं से हमने वादा किया था कि धोखा देने वालों को नहीं छोड़ेंगे। साथ ही 4 लाख की नौकरी देने वाले हैं। युवा मेहनत करें, हमारी सरकार युवाओं के साथ है। आपने देखा होगा कि पिछले 5 साल में कितने पेपर लीक हुए। अब दो साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ।

### किरोड़ी बोले- मुंह से खाया, नाक से निकालेंगे

किरोड़ी लाल मीणा ने कहा- मैं कृषि मंत्री के साथ आपदा मंत्री भी हूं। राजस्थान में जो भी आपदा आए उसकी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने मुझे दे रखी है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में केवल 20 महीने में 6,229 करोड़ रुपए देने का काम भजनलाल सरकार ने किया है। जिसमें पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के 198 करोड़ रुपए बकाया था। उसको भी हमने देने का काम किया है। पिछली गहलोत सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जो घोटाला किया था, मैंने गंगानगर जाकर पकड़ा था। मैंने मुख्यमंत्री जी को बता दिया है कि पिछले 5 साल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जो घोटाला किया है, उसकी जांच चल रही है। मुंह से खाया हुआ नाक से निकालने का काम करेंगे।

## बाड़मेर कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी

बाड़मेर

बाड़मेर में कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवाया गया। इस मेल में बाड़मेर कलेक्ट्रेट के साथ ही एक्टर रजनीकांत समेत अन्य तमिलनाडु के अन्य नेताओं के घर को ऑफिस में ब्लास्ट की भी धमकी दी गई।

करीब दो घंटे तक कलेक्ट्रेट परिसर और यहां मौजूद एसपी ऑफिस और कोर्ट में तलाशी ली गई। 2 घंटे तक चली तलाशी में कुछ नहीं मिला। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे गेट को दोबारा खोल दिया गया था। एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि सोमवार रात 10 बजकर 45 मिनट पर कलेक्टर टीना डाबी के मेल पर धमकी भरा लैटर आया था। इसके बाद पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को खाली करवाया गया था। कलेक्टर के मेल पर आए लैटर में लिखा गया है कि आपके कलेक्टर ऑफिस और एक्टर रजनीकांत और म्यूजिशियन इलैयाराजा के चेन्नई वाले घर में तीन आरडीएक्स बम रखे गए हैं। धमाकों से पहले जगह खाली कर दें। तलाशी में कुछ नहीं मिला है। सामने आया है कि तमिलनाडु से ये मेल आया था। इस मामले की जानकारी अधिकारियों को भी दे दी थी। बाड़मेर पुलिस भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डॉग स्क्वायड समेत अन्य एजेंसियां भी जांच के लिए पहुंच गई है।

## योगी सरकार ने शीतकालीन सत्र में अनुपूरक बजट पेश किया

लखनऊ (एजेंसी)। योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में दोनों सदनों में अनुपूरक बजट पेश किया। अनुपूरक बजट में विकासपरक क्षेत्रों को प्राथमिकता मिली है। योगी सरकार ने कैबिनेट से पास कराने के बाद वित्तीय वर्ष 2025-26 का पहला अनुपूरक बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने सदन में बजट प्रस्तुत किया, जिसका कुल आकार 24,496.98 करोड़ रुपये है। यह मूल बजट (आठ लाख, आठ हजार करोड़ रुपये) का करीब 3.03 प्रतिशत है। अनुपूरक बजट को कैबिनेट से पास कराने के बाद दोपहर में सदन में पेश किया। अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव के मद्देनजर अनुपूरक बजट में सरकार ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी योजनाओं के लिए धनराशि दी है। एक्सप्रेसवे परियोजनाओं के कार्यों के लिए भी धनराशि के साथ लोक निर्माण विभाग को भी सड़क परियोजनाओं के लिए राशि प्रदान की। ग्राम्य विकास, धर्मार्थ कार्य व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए भी सरकार अनुपूरक बजट में धनराशि दी है। इस अनुपूरक बजट का मुख्य उद्देश्य मौजूदा योजनाओं में अपर्याप्त प्रावधानों को पूरा करना, नई आवश्यकताओं को पूरा करना और विकास कार्यों को बिना रुकावट के आगे बढ़ाना है। इसमें राजस्व व्यय के लिए 18,369.30 करोड़ रुपये और पूंजीगत व्यय के लिए 6,127.68 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## साइबर ठगों ने वाहन चालान के नाम पर लगाया 2.37 लाख का चूना

मुजफ्फरपुर (एजेंसी)। साइबर फ्रॉड गिरोह के शातिर बदमाशों ने बसंतपुरपट्टी निवासी सुजीत कुमार के खाते में सेंध लगा दी। साइबर ठगों ने वाहन चालान के नाम एक संदिग्ध एपीके फाइल भेजा। इस पर क्लिक कर मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद शातिरों ने उनके फ्लिपकार्ट अकाउंट और क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर करीब 2.37 लाख की ऑनलाइन शॉपिंग कर डाली। पीड़ित के अनुसार, उनके मोबाइल पर वाहन चालान कटने का एक संदेश आया था। संदेश के साथ एक लिंक दिया गया था, इस आधिकारिक समझकर जैसे ही उन्होंने क्लिक किया, मोबाइल काम करना बंद कर दिया। मोबाइल हैक करने के बाद शातिरों ने क्रेडिट कार्ड्स का विवरण हासिल कर खरीदारी शुरू कर दी। क्रेडिट कार्ड से 1 लाख 36 हजार 248 और 70 हजार 298 रुपये की दो बार में शॉपिंग की। इसके बाद दूसरे क्रेडिट कार्ड से 30 हजार 386 की शॉपिंग की। तीसरे क्रेडिट कार्ड से 70 हजार 298 की शॉपिंग की गई। ऑर्डर कैंसिल होने के कारण यह राशि वापस आ गई। 2.37 लाख रुपये ठगी के बाद पीड़ित ने साइबर थाने में प्राथमिकी कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रांजेक्शन डिटेल्स के जरिए शातिरों तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है।

## गणतंत्र दिवस समारोह के चलते सुरक्षाबलों ने चलाया स्टेडियम के पास तलाशी अभियान

जम्मू (एजेंसी)। सुरक्षा बलों ने बख्शी स्टेडियम के आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया। बख्शी स्टेडियम कश्मीर में गणतंत्र दिवस समारोह का मुख्य आयोजन स्थल है। अमीराकदल और महाराजा बाजार के घनी आबादी वाले व्यावसायिक क्षेत्रों की कुछ आवासीय इकाइयों में विस्फोटक, हथियार और गोला-बारूद की तलाश के लिए खोजी कुत्तों और मेटल डिटेक्टर की मदद ली गई है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया कि अब तक सुरक्षा बलों को तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि तोड़फोड़ विरोधी जांच और तलाशी अभियान बख्शी स्टेडियम के पास स्थित क्षेत्रों में चलाए गए जो कश्मीर में गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य स्थल है। लाल चौक स्थित ऐतिहासिक क्लॉक टावर अमीराकदल से कुछ ही दूरी पर स्थित है जहां तलाशी अभियान चलाया। क्लॉक टावर पिछले चार सालों में एक पर्यटन केंद्र में बदल गया है।

## भारतीय नौसेना की जासूसी करने के मामले में तीसरा आरोपी भी पकड़ाया

बेंगलुरु (एजेंसी)। उडुपी पुलिस ने मालपे कोचीन शिपयार्ड से जुड़े कर्मचारियों ने भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील जानकारी लीक करने के मामले में तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि तीसरे आरोपी की पहचान गुजरात के आणंद जिले के कैलाश नगरी निवासी भरत कुमार ख़दयात के पुत्र हिरेंद्र कुमार (34) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक आरोपियों पर अवैध वित्तीय लाभ के बदले नौसेना संचालन और प्रतिष्ठानों से संबंधित गोपनीय जानकारी को पाकिस्तान स्थित अपने संचालकों को भेजने का शक है। इससे पहले 21 नवंबर को पुलिस ने इस मामले में यूपी के रहने वाले रोहित और संत्री को गिरफ्तार किया था। तीनों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। पुलिस इनसे पूछताछ कर जानकारी हासिल करेगी कि इन्होंने संवेदनशील जानकारी किसको पहुंचाई।

## यूक्रेनी सेना की कैद में भारतीय छात्र... मां को भेजा वीडियो संदेश, पीएम मोदी से मदद की गुहार

अहमदाबाद (एजेंसी)। यूक्रेनी सेना की कैद से गुजरात के एक छात्र साहिल मोहम्मद हुसैन ने वीडियो संदेश भेजा है। इसमें भारतीय युवाओं से किसी भी परिस्थिति में रूसी सेना में शामिल न होने की अपील की गई है। भारतीय छात्र हुसैन का आरोप है कि रूस में एक झूठे ड्रग्स मामले में फंसाकर ब्लैकमेल किया और जबरन रूसी सेना में शामिल होने के लिए मजबूर किया। हुसैन को यूक्रेन में अभी कहां रखा गया है इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। यूक्रेनी सुरक्षा बलों ने हुसैन के वीडियो गुजरात में उसकी मां को भेजा। इसके बाद मां ने बेटे की सुरक्षित वापसी के लिए दिल्ली की अदालत में याचिका दायर की है। इस मामले की अगली सुनवाई फरवरी में होगी। वीडियो में हुसैन कह रहा है कि मैं 2024 में पढ़ाई के लिए रूस आया था। लेकिन आर्थिक और वीजा संबंधी समस्याओं के कारण मैं कुछ रूसियों के संपर्क में आया, जो बाद में नशीले पदार्थों के धंधे से जुड़े निकले। रूस में कम से कम 700 लोगों को ड्रग्स के आरोप में जेल में डाला गया। लेकिन जेल प्रशासन ने सिर्फ मुझे ही ऑफर दिया कि अगर मैं रूसी सेना में शामिल होता हूं, तब ड्रग्स केस वापस ले लिया जाएगा। मैंने उनकी बात मानकर 15 दिनों के प्रशिक्षण के बाद सीधे युद्ध के मोर्चे पर भेज दिया गया। मोर्चे पर पहुंचते ही मैंने सबसे पहले यूक्रेनी सेना के सामने आत्मसमर्पण किया। अब मैं उनके कब्जे में हूं। लेकिन रूस आने वाले युवाओं के लिए मेरा संदेश है, 'सावधान रहें'। यहां बहुत से ठग हैं जो आपको झूठे ड्रग्स केस में फंसा सकते हैं। मैं भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील करता हूं, कृपया मेरी मदद करें। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन हाल ही में भारत आए थे। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरी सुरक्षित घर वापसी के लिए पुतिन से बात करें।

# हिमाचल में बदला मौसम: ऊंची चोटियों पर बर्फबारी, मैदानी इलाकों में घने कोहरे ने घेरा



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे समूचा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में आ गया है। रविवार को राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों, विशेष रूप से रोहतांग दर्रा, अटल टनल के आसपास के क्षेत्रों और शिंकुला दर्रा पर हल्की बर्फबारी दर्ज की गई। इस ताजा हिमपात ने जहां पहाड़ों पर चांदी जैसी सफेदी बिखेर दी है, वहीं निचले इलाकों में भी मौसम काफी खराब बना हुआ है। पर्यटन नगरी मनाली, कुल्लू और राजधानी शिमला सहित कई स्थानों पर दिन भर बादलों का डेरा रहा, जिससे धूप की तपिश कम हो गई और ठिठुरन बढ़ गई। मैदानी जिलों जैसे बिलासपुर और ऊना में घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम रही, जबकि मंडी जिले के कुछ हिस्सों में भी धुंध का असर देखा गया। राज्य के कम से कम 25 प्रमुख शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिर चुका है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आगामी दिनों के लिए चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि प्रदेश में मौसम और बिगड़ने की संभावना है। 22 दिसंबर को किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के कुछ स्थानों पर मध्यम से तेज बर्फीली हवाएं चलने का अनुमान है, जिसके लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। कांगड़ा, मंडी, शिमला और कुल्लू जैसे मध्य पहाड़ी जिलों में भी एक-दो स्थानों पर फुहारें पड़ने या हल्का हिमपात होने की उम्मीद है। मैदानी क्षेत्रों, विशेषकर भाखड़ा बांध के समीपवर्ती इलाकों और मंडी की बल्ह घाटी में 25 दिसंबर तक सुबह और देर रात के समय घना कोहरा छाए रहने की भविष्यवाणी की गई है, जो यातायात के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

तापमान के आंकड़ों पर नजर डालें तो लाहौल-स्पीति का कुकुमसेरी प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे -2.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। ताबो में पारा 1.1 डिग्री रहा, जबकि कल्पा में 3.4 और सोलन में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजधानी शिमला में न्यूनतम तापमान 11.0 डिग्री सेल्सियस रहा, जो ऊंचाई के हिसाब से अन्य क्षेत्रों की तुलना में थोड़ा अधिक है। सुंदरनगर, ऊना, नाहन और हमीरपुर जैसे इलाकों में भी न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री के बीच बना हुआ है। आगामी 3 से 4 दिनों में राज्य भर के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना है।

दिन के तापमान की बात करें तो सोलन में अधिकतम पारा 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सर्वाधिक रहा। शिमला में अधिकतम तापमान 17.3 डिग्री, जबकि मनाली में 15.2 और कुफरी में 14.1 डिग्री सेल्सियस रहा। जनजातीय क्षेत्रों जैसे ताबो और कुकुमसेरी में दिन का तापमान भी 11 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 दिसंबर तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम मुख्यतः साफ रहेगा, लेकिन इस दौरान न्यूनतम तापमान में गिरावट जारी रहने से सुबह और शाम की ठंड और अधिक कष्टदायक हो सकती है। ऊंची पहाड़ियों पर तापमान गिरने से प्राकृतिक जल स्रोतों के जमने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है।

## मुंबई जा रहा एयर इंडिया के विमान में आई तकनीकी गड़बड़ी, वापस दिल्ली की लैंडिंग

नई दिल्ली। दिल्ली से मुंबई जा रही एयर इंडिया की उड़ान में तकनीकी समस्या आने के बाद विमान को दिल्ली एयरपोर्ट पर वापस लैंडिंग करानी पड़ी। उड़ान ने सोमवार को दिल्ली से टेक-ऑफ किया था, लेकिन कुछ ही देर बाद तकनीकी गड़बड़ी के संकेत मिलने पर फ्लाइट क्रू ने स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के तहत एहतियातन वापस लौटने का फैसला लिया। जानकारी के मुताबिक विमान सुरक्षित रूप से दिल्ली एयरपोर्ट पर उतारा गया और सभी यात्री व क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकाले गए।



यात्रियों को हुई इस असुविधा के लिए एयर इंडिया ने खेद व्यक्त करते हुए कहा कि स्थिति पूरी तरह अप्रत्याशित थी, लेकिन यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। विमान की वापस लैंडिंग के बाद तकनीकी जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और इंजीनियरिंग टीम विमान का निरीक्षण में जुट गई है। विमान की लैंडिंग के बाद ग्राउंड स्टाफ ने दिल्ली में यात्रियों को तत्काल मदद पहुंचाई। साथ ही, यात्रियों को मुंबई भेजने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं की गई है। विमान की लैंडिंग को लेकर एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर के तहत 22 दिसंबर को दिल्ली से मुंबई जाने वाली फ्लाइट एआई887 के क्रू ने तकनीकी गड़बड़ी के कारण टेक-ऑफ के तुरंत बाद दिल्ली लौटने का फैसला किया। दिल्ली में विमान सुरक्षित लैंड कर गया है। साथ ही यात्रियों और क्रू को विमान से उतार लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण हुई असुविधा के लिए माफी मांगती है। विमान की जरूरी जांच की जा रही है। दिल्ली में हमारी ग्राउंड टीम यात्रियों को तुरंत मदद दे रही है और उन्हें जल्द ही उनके डेस्टिनेशन तक पहुंचाने के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए गए हैं। एयर इंडिया में हमारे यात्रियों और क्रू की सुरक्षा और भलाई हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

## मनरेगा के मुद्दे पर हमलावर अखिलेश यादव... केंद्र सरकार ने करोड़ों जाब कोर्ड को रद्द किया

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव द्वारा मनरेगा के मुद्दे पर केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ जमकर हमला किया है। उनके आरोपों का मुख्य केंद्र करोड़ों जॉब कार्डों का रद्द होना और केंद्र द्वारा पेश किए गए नए वित्तीय बदलाव हैं।



अखिलेश यादव ने दावा किया कि कई राज्यों में लाखों मनरेगा कार्ड रद्द कर दिए गए हैं। उनके अनुसार, यह सरकार की गरीब विरोधी मानसिकता को दिखाता है। उनके द्वारा दिए गए आंकड़े इस प्रकार हैं- बिहार 1.04 करोड़, उत्तर प्रदेश 90.4 लाख, ओडिशा 41.6 लाख, मध्य प्रदेश 32.7 लाख, पश्चिम बंगाल 24.2 लाख, राजस्थान 10.5 लाख मनरेगा कार्ड रदद कर दिए गए है।

हाल ही में सदन में पास हुए बिल वीबी-जी राम जी विधेयक की कड़ी आलोचना करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच 60~40 का प्रस्तावित बंटवारा राज्य सरकारों पर भारी वित्तीय बोझ डालेगा। उनका मानना है कि इस बदलाव से केंद्र और राज्यों के बीच विवाद बढ़ेगा और फंड मिलने में देरी होगी, जिससे अंततः गरीब मजदूरों को नुकसान होगा। सपा प्रमुख ने केंद्र सरकार की नीतियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में सकारात्मक चीजें (जैसे रोजगार और योजना का लाभ) घट रही हैं, जबकि नकारात्मक चीजें (महंगाई, भ्रष्टाचार और नफरत) बेलगाम बढ़ रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश जैसी सरकारें अपने आंकड़ों में हेराफेरी कर रही हैं ताकि अपनी विफलताओं को छिपा सकें। यह विवाद मुख्य रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ मनरेगा के भविष्य और उसकी फंडिंग को लेकर है। विपक्ष इसे गरीबों के अधिकारों पर हमला बता रहा है, जबकि प्रशासनिक दृष्टिकोण से अक्सर डुप्लीकेट कार्डों या आधार लिंकिंग न होने के कारण कार्ड रद्द किए जाते हैं।

# पश्चिम बंगाल की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी हुमायूं कबीर की पार्टी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में एक नया राजनीतिक तूफान आने वाला है। बाबरी मस्जिद की नींव रखने वाले पूर्व विधायक हुमायूं कबीर नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा करने जा रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने 4 दिसंबर को उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। कबीर ने स्पष्ट किया कि उनकी नई पार्टी 2026 के विधानसभा चुनाव में राज्य की 182 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जरूरत पड़ने पर वे पूरे राज्य की सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार उतार सकते हैं।

कबीर ने कहा कि उनकी पार्टी का चुनाव चिन्ह टेबल, गुलाब या नारियल का पेड़ में से कोई एक हो सकता है। उन्होंने बताया कि टेबल उनकी पहली पसंद है, लेकिन अंतिम फैसला चुनाव आयोग पर निर्भर करेगा। पार्टी का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन कबीर ने जोर देकर कहा कि इसमें कांग्रेस या तृणमूल जैसे शब्द नहीं होंगे। उन्होंने कहा, पार्टी का नाम जो भी हो, बंगाल की जनता खुद को उससे जोड़कर देख सकेगी। हमारी पार्टी जनता का प्रतिनिधित्व करेगी और सिर्फ विकास की बात करेगी। कबीर ने अपनी रणनीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने मुर्शिदाबाद जिले की 30 विधानसभा सीटों पर विशेष फोकस किया है। उन्होंने कहा कि वे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ तीन सीटें, भारतीय सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के साथ एक सीट और अधीर रंजन चौधरी के नेतृत्व वाली कांग्रेस के साथ नौ सीटें साझा करने का प्रस्ताव रखेंगे। अगर ये दल सहमत नहीं हुए तो उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी और मुर्शिदाबाद की सभी 30 सीटें जीतने का दावा किया।

उन्होंने कहा, हम मुर्शिदाबाद के लिए नया इतिहास रचेंगे, जहां 2026 के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस का सफाया हो जाएगा। रविवार को उन्होंने घोषणा की कि 22 दिसंबर को नई पार्टी का औपचारिक ऐलान होगा। उसी दिन 75 सदस्यों वाली राज्य समिति की घोषणा की जाएगी, जिसमें मुर्शिदाबाद जिला अध्यक्ष भी शामिल होंगे। इसके बाद वे गठबंधन की संभावनाओं पर फैसला लेंगे। कबीर ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य में अगली सरकार बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। वे



दावा करते हैं कि उनकी पार्टी बंगाल की जनता के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है और विकास, एकता तथा सामाजिक न्याय पर आधारित एजेंडा लेकर आगे बढ़ेगी। यह नई पार्टी का उदय पश्चिम बंगाल की राजनीति में नए समीकरण बना सकता है, खासकर 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले।

## आरएसएस भाजपा की राजनीतिक ढाल, आप सांसद संजय सिंह का आरोप



नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह ने भाजपा और आरएसएस के बीच के वैचारिक और संगठनात्मक संबंधों पर एक तीखा हमला किया है। आप सांसद ने आरएसएस की निष्पक्षता पर सवाल उठाकर इस भाजपा की राजनीतिक ढाल करार दिया है। आप सांसद सिंह का तर्क है कि दोनों संगठन एक-दूसरे के पूरक हैं। भाजपा के सदस्य गर्व से खुद को स्वयंसेवक बताते हैं और आरएसएस ने ही भाजपा की नींव रखी है। उनका आरोप है कि भाजपा द्वारा विपक्षी पार्टियों को तोड़ने, भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग जैसे गंभीर मुद्दों पर संघ ने हमेशा चुप्पी साधी रखी है। आप नेता के अनुसार, आरएसएस केवल एक सांस्कृतिक संगठन नहीं है, बल्कि वह जमीन पर भाजपा के लिए चुनावी मशीनरी की तरह काम करता है। इसके विपरीत, मोहन भागवत ने कोलकाता में संघ की एक स्वतंत्र पहचान पर जोर दिया। भागवत का कहना है कि संघ को भाजपा के चश्मे से देखना एक बड़ी गलती है। उनके अनुसार, आरएसएस को अन्य राजनीतिक या सेवा संगठनों के साथ तुलना करके नहीं समझा जा सकता। इसकी कार्यप्रणाली और उद्देश्य राजनीति से परे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग संघ को केवल भाजपा का विस्तार मानते हैं, वे संगठन की व्यापकता और उसके 100 साल के इतिहास को समझने में विफल रहे हैं। यह वाकयुद्ध तब समय में हो रहा है जब विपक्ष लगातार यह नैरेटिव बनाने की कोशिश कर रहा है कि संवैधानिक संस्थाओं और सांस्कृतिक संगठनों पर एक विशेष विचारधारा का प्रभुत्व बढ़ रहा है।

## भागवत के बयान पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश का पलटवार... गृहमंत्री पटेल ने गुरु गोलवलकर से क्या कहा था?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद और महासचिव जयराम रमेश ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भगवत के उस बयान की निंदा की, जिसमें उन्होंने आरएसएस के गठन के कारण और सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा दिए गए निर्देशों पर सवाल उठाया था। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था। देश के पहले गृहमंत्री पटेल ने गुरु गोलवलकर से क्या कहा था? आप एक गुप्त संगठन हैं। एक संस्था बनिए। पारदर्शिता लाइए। गुप्त रूप से काम मत कीजिए। यह सरदार पटेल का आरएसएस को लिखा पत्र है।

कांग्रेस नेता रमेश ने आरएसएस की इस बात पर आलोचना की कि संगठन ने 50 वर्षों से अधिक समय तक अपने नागपुर मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया, ध्वज संहिता में बदलाव के बाद ही 2002 में फिर से शुरू किया। इसके अलावा, रमेश ने संघ की विचारधारा पर सवाल उठाकर 26 नवंबर, 1949 को भारत के संविधान को अपनाने के कुछ दिनों बाद रामलीला मैदान में अंबेडकर, सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के पुतले जलाने की घटना का जिक्र किया। उन्होंने पूछा, किस विचारधारा ने ऐसा माहौल बनाया, जिसके कारण महात्मा गांधी की हत्या हुई?

उन्होंने पश्चिम बंगाल के भाजपा सांसद और कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश का जिक्र किया, जिनसे जब पूछा गया कि गांधी या गोडसे? तब उन्होंने कहा, मुझे सोचना पड़ेगा, फिर भी उन्हें टिकट मिला और जिताया गया। उन्होंने कहा कि इसतरह के लोग राष्ट्रवाद के प्रमाण पत्र बांटने में व्यस्त हैं। उनकी ये टिप्पणियां आरएसएस प्रमुख मोहन भगवत के उस बयान के बाद आईं, जिसमें उन्होंने कहा था कि आरएसएस एक कट्टर राष्ट्रवादी संगठन है।

कोलकाता में आरएसएस 100 व्याख्यान माला कार्यक्रम को संबोधित कर संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि संघ हमेशा से यह तर्क देता आया है कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है, क्योंकि यहां की संस्कृति और बहुसंख्यक लोगों का हिंदू धर्म से जुड़ाव है। हालांकि, धर्मनिरपेक्ष शब्द मूल रूप से संविधान की प्रस्तावना का हिस्सा नहीं था, लेकिन इस तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लागू आपातकाल के दौरान संविधान (42वां संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा समाजवादी शब्द के साथ जोड़ा गया था।

## जांच हुई तेज- मुख्यमंत्री नीतीश को धमकी देने वाला पाकिस्तानी गैंगस्टर भट्टी पुलिस की रडार पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सोशल मीडिया के जरिए धमकी देने वाले पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के खिलाफ पटना पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। एक मिनट का वीडियो जारी कर मुख्यमंत्री को सीधे तौर पर धमकाने वाले इस गैंगस्टर की तलाश के लिए पुलिस अब तकनीकी साक्ष्यों का सहारा ले रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शहजाद भट्टी वर्तमान में कहां छिपा है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर उसकी सक्रियता का क्या स्वरूप है।

इस गंभीर मामले की जांच के लिए पटना पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी को आधिकारिक ई-मेल भेजकर विस्तृत जानकारी मांगी है। पुलिस ने विशेष रूप से यह पूछा है कि गैंगस्टर ने यह विवादित वीडियो पाकिस्तान के किस शहर या स्थान से अपलोड किया था। सोशल मीडिया



कंपनियों से उस अकाउंट का आईपी एड्रेस और लॉगिन हिस्ट्री भी मांगी गई है, ताकि उसकी सटीक लोकेशन का पता लगाया जा सके। साइबर थाने में इस संबंध में पहले ही प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है और पुलिस को अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जवाब का इंतजार है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी कमान पटना के आईजी जितेंद्र राणा खुद संभाल रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जैसे ही तकनीकी रिपोर्ट प्राप्त होगी, जांच के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। यह पूरा विवाद हाल ही में मुख्यमंत्री सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम से शुरू हुआ, जहां आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र बांटे जा रहे थे। इस कार्यक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था, जिसमें एक महिला चिकित्सक नुसरत परवीन के हिजाब को लेकर मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर विवाद खड़ा हो गया था। इसी घटना को आधार बनाकर पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी ने वीडियो संदेश जारी किया। उसने मुख्यमंत्री को सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की धमकी देते हुए कहा कि एक उच्च पद पर बैठे व्यक्ति द्वारा महिला के साथ ऐसा व्यवहार करना निंदनीय है। गैंगस्टर ने अपने संदेश में चेतावनी दी थी कि यदि मुख्यमंत्री ने माफी नहीं मांगी, तो इसके परिणाम अच्छे नहीं होंगे। फिलहाल पुलिस इस अंतरराष्ट्रीय धमकी के पीछे के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है।

# हसीना बोलीं- यूनुस ने हिंसा की आग में झौंक दिया बांग्लादेश, ऐसे तो नामोनिशान मिट जाएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में पिछले कई दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के बाद सड़कों पर शांति भले ही लौटती दिख रही हो, लेकिन राजनीतिक गलियारों में कड़वाहट और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चरम पर है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश की वर्तमान अंतरिम सरकार और उसके मुखिया मोहम्मद यूनुस पर सीधा प्रहार किया है। भारत में प्रवास के दौरान दिए गए अपने एक विस्तृत साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि बांग्लादेश में व्याप्त अराजकता और अस्थिरता के लिए पूरी तरह से मोहम्मद यूनुस जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी सरकार को गिराने के लिए जिस कानूनहीनता का सहारा लिया गया था, वह अब यूनुस प्रशासन के तहत कई गुना बढ़ चुकी है।

भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए शेख हसीना ने कहा कि रिश्तों में आई यह खटास वर्तमान अंतरिम सरकार की नीतियों का परिणाम है। उनके अनुसार, यूनुस प्रशासन लगातार भारत विरोधी बयानबाजी कर रहा है और देश के भीतर धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पूरी तरह विफल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने चरमपंथी तत्वों को विदेश नीति तय करने की खुली छूट दे दी है, जिससे पड़ोसी देशों के साथ दशकों पुराने भरोसेमंद रिश्तों पर बुरा असर पड़ा है। अवामी लीग की नेता ने हाल ही में एक हिंदू युवक की नृशंस हत्या का उदाहरण देते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा देश की सांप्रदायिक सद्भावना को नष्ट कर रही है।

शेख हसीना ने भारत को बांग्लादेश का सबसे पुराना और विश्वसनीय साझेदार बताते हुए विश्वास जताया कि दोनों देशों के बीच के ऐतिहासिक संबंध किसी भी अस्थायी सरकार के कार्यकाल से कहीं अधिक मजबूत और गहरे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि जब बांग्लादेश में पुनः कानून का राज स्थापित होगा, तब दोनों देश एक बार फिर उसी समझदारी और सहयोग की ओर लौटेंगे, जिसे उनकी सरकार ने पिछले 15 वर्षों में सींचा था। अपने विरुद्ध चल रहे कानूनी मुकदमों और ट्रिब्यूनल के फैसलों पर उन्होंने कहा कि ये तमाम कार्रवाइयां न्याय के लिए नहीं, बल्कि उन्हें राजनीतिक रूप से समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा हैं। उन्होंने शिकायत की कि उन्हें अपना पक्ष रखने या अपनी पसंद का वकील चुनने का उचित अवसर तक नहीं दिया गया।

आगामी चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए शेख हसीना ने चेतावनी दी कि अवामी लीग की भागीदारी के बिना होने वाला कोई भी चुनाव लोकतांत्रिक निर्वाचन नहीं, बल्कि केवल एक ताजपोशी बनकर रह जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी को जनता ने नौ बार जनादेश दिया है, उसे प्रतिबंधित करने की कोशिश लाखों नागरिकों को उनके मताधिकार से वंचित करने जैसा है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि मतदाताओं को उनकी पसंदीदा पार्टी को वोट देने का मौका नहीं मिला, तो वे चुनाव प्रक्रिया का बहिष्कार करेंगे, जिससे नई सरकार की नैतिक वैधता समाप्त हो जाएगी।

अंत में, अपने प्रत्यर्पण की मांगों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने इसे दिशाहीन प्रशासन की हताशा बताया। शेख हसीना ने कठिन समय में शरण और सम्मान देने के लिए भारत सरकार और वहां के सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने अपना देश



केवल इसलिए छोड़ा ताकि और अधिक निर्दोष लोगों का खून न बहे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह न्याय का सामना करने से नहीं डरतीं और उचित समय आने पर वे देश की लोकतांत्रिक बहाली के लिए अपनी भूमिका निभाएंगी।

# रोडवेज बस स्टैंड के बाहर अतिक्रमण हटाने गई ट्रैफिक पुलिस से उलझे ठेले वाले बदतमीजी और अभद्र व्यवहार करने का आरोप, महिलाएं भी पुलिस से उलझी

स्मार्ट हलचल|पुनित चपलोत





**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में रोडवेज बस स्टैंड के बाहर फल फ्रूट का ठेला थड़ी लगाने वालों ने मंगलवार को बस स्टैंड के बाहर हंगामा कर दिया। ट्रैफिक पुलिस और ठेले वालों के बीच जमकर बहस हुई।

पुलिस का कहना है कि उनके द्वारा बार-बार समझाइश के बाद भी रोडवेज बस स्टैंड के मैन गेट के ऊपर आड़े तिरछे तरीके से कई सारे ठेले खड़े कर दिए जाते हैं। जब इनसे समझाइश की जाती है तो यह लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाते हैं।

### कई बार समझाने के बाद भी नही मानते

ट्रैफिक पुलिस के एएसआई कमलेश ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड चौराहा शहर का व्यस्त चौराहा है। ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए अतिक्रमण को हटाया जाता है। एक ही आदमी ने यहां 6-7 ठेले लगाकर अतिक्रमण कर रखा है, कई बार इनको समझाइश की गई कि अपने ठेलों को व्यवस्थित खड़ा करें लेकिन बार-बार कहने के बाद भी ये लोग नहीं मानते हैं।

मंगलवार को भी जब ट्रैफिक पुलिस इन्हें वहां समझाइश के लिए पहुंची तो ठेले वालों ने महिलाओं को आगे कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं और पुरुषों ने पुलिस के साथ बदतमीजी की और अभद्र भाषा का उपयोग किया।

### केबिनों को किया जब्त, अतिक्रिमियो में मचा हड़कंप

रोडवेज बस स्टैंड चौराहे पर अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस के साथ बदतमीजी करने के बाद शाम को नगर निगम और पुलिस दस्ते ने अतिक्रमण को हटाते हुए केबिने जप्त कर ली। रोडवेज बस स्टैंड के बाहर सड़क पर कैबिने रखकर अतिक्रमण के चलते यातायात प्रभावित हो रहा था इसे लेकर सुभाष नगर थाना पुलिस ने अतिक्रमण हटाना चाहा, लेकिन अतिक्रमकार्यों ने विरोध करते हुए महिलाओं का आगे कर दिया और हंगामा किया इसके चलते कार्रवाई नहीं हो पाई शाम को सुभाष नगर थाना प्रभारी कैलाश चंद्र बिश्नोई और नगर निगम की टीम ने मिलकर सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटाते हुए के केबिनों को जप्त कर लिया पुलिस की इस कार्रवाई से अतिक्रमण कार्यों में हड़कंप मचा है।

### पुलिस ओर ठेले वालों के बीच झड़प, अतिरिक्त जाब्ता बुलाना पड़ा

पुलिस और ठेले वालों के बीच झड़प होती देख मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और बदतमीजी करने वालों के खिलाफ एक्शन लिया। इन्हें कुछ बोलते हैं तो लड़ाई-झगड़े पर उतर जाते हैं। मंगलवार को भी जब हमारे ट्रैफिक के कुछ पुलिसकर्मी इन्हे हटाने गए तो उन्होंने इनके साथ बदतमीजी की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। महिलाओं को आगे कर दिया और लगातार बदतमीजी करते रहे। बाद में अतिरिक्त पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा ओर ठेले वालों के अतिक्रमण को हटाया।

# मनरेगा का नाम नहीं, हाल बदलिए



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा ग्रामीण द्वारा केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा/महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने एवं महात्मा गांधी जी के नाम को हटाने एवं रोजगार के कानुनी अधिकार को समाप्त करने की साज़िश के विरोध में शांतिपूर्ण तरीके से केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। गांव-देहात से आयें मनरेगा योजना के तहत रोजगार करने वाली महिलाओं से संवाद किया! इस दौरान उन्होंने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे साथ टेक्नोलॉजी के नाम पर खिलवाड़ किया जा रहा और ना ही समय पर भुगतान किया गया जा रहा। हम इस तानाशाह सरकार को ग्रामीण मजदूरों का हक नहीं छीनने देंगे- हम आमजन के अधिकारों के लिए आवाज उठाते रहेंगे और आमजन के हितों के लिए लड़ते रहेंगे। महात्मा गांधी का नाम / गरीब का अधिकार ना हटेगा/ना मिटेगा।

# मुस्लिम महिला के अपमान के विरोध में अल्पसंख्यक कांग्रेस का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा



जिला कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा एक मुस्लिम महिला के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार के विरोध में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पर उग्र प्रदर्शन किया। शहर जिलाध्यक्ष हमीद रंगरेज और ग्रामीण जिलाध्यक्ष इकबाल शाह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान डॉ. नुसरत परवीन का हिजाब खींचकर उनका अपमान किया। कांग्रेस नेताओं ने इस घटना को न केवल अल्पसंख्यक समुदाय, बल्कि पूरे देश की नारी शक्ति का अपमान बताया। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि नीतीश कुमार इस कृत्य के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और नैतिक आधार पर अपने पद से इस्तीफा दें। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि भारत की संस्कृति में नारी का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों का हवाला देते हुए कहा कि महिलाओं के आत्मसम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नीतीश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# एमएलए फंड घोटाले में विधायकों की बढ़ेंगी मुश्किलें, फिर होगी पूछताछ, बीएपी विधायक को भी बुलाया

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में विधायक निधि में भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस, भाजपा और एक निर्दलीय विधायकों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. तीन विधायकों को फिर से विधानसभा की सदाचार कमेटी के सामने पेश होने के लिए कहा गया है. जानकारी के अनुसार, विधानसभा में मंगलवार को सदाचार कमेटी की बैठक हुई, जिसके बाद तीनों विधायकों को पूरी तैयारी के साथ सदाचार कमेटी के सामने पूछताछ के लिए 06 जनवरी 2026 को पेश होने का नोटिस भेजा गया. इन तीन विधायकों के अलावा बीएपी विधायक जयकृष्ण पटेल को भी कमेटी ने बुलाया है।

### आरोपों पर एमएलए क्या बोले:

दरअसल, बीते दिनों एक समाचार पत्र के स्टिंग ऑपरेशन के वीडियो के जरिए विधायक निधि में कमीशनखोरी की बात सामने आई थी. स्टिंग वीडियो में खींवसर से भाजपा विधायक रेवंत राम डांगा, हिंडौन से कांग्रेस विधायक



अनीता जाटव और बयाना रूपबास से निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत पर विधायक निधि का पैसा मंजूरी करने के लिए कमीशन खाने का आरोप लगा था. हालांकि, तीनों विधायकों ने इसे फर्जी बताते हुए किसी भी भ्रष्टाचार या कमीशनखोरी में शामिल होने से इनकार कर दिया था।

### विधायकों ने क्यों मांगा था समय:

विधायक निधि में कमीशनखोरी की बात सामने आने पर बीजेपी और कांग्रेस ने अपने-अपने विधायकों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया, जिसका विधायकों ने जवाब भी दिया. उधर मामले की जांच कर रही विधानसभा की सदाचार कमेटी ने बीते शुक्रवार (19 दिसंबर) को तीनों विधायकों से आरोपों को लेकर पूछताछ पूरी की थी. जिस पर विधायकों ने दस्तावेज जमा करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था. भाजपा विधायक रेवंत राम डांगा ने 15 दिन, ऋतु बनावत ने 10 दिन और अनीता जाटव ने 7 दिन का समय लिया।

### कमेटी की बैठक के बाद फिर से बुलाया:

अब मंगलवार को सभापति कैलाश वर्मा की अध्यक्षता में सदाचार कमेटी की बैठक हुई, जिसके बाद फिर से तीनों विधायकों (ऋतु बनावत, अनीता जाटव और रेवंत राम डांगा) को कमेटी के सामने पेश होने के लिए नोटिस दिया गया है. सभी विधायकों को 07 जनवरी को कमेटी के सामने पेश होने को कहा गया है. बीएपी विधायक जयकृष्ण पटेल से भी पूछताछ करने के लिए सदाचार कमेटी ने नोटिस भेजा है. जयकृष्ण पटेल पर विधानसभा में सवाल पूछने के बदले घूस लेने का आरोप है।

# कांग्रेस नेता सहित ग्रामीणों की मांग



## फोरलेन में पडेर के हितों का रखा जाए ध्यान

स्मार्ट हलचल| पंडेर

शाहपुरा से जहाजपुर तक बनने वाली फोर-लेन सड़क का सर्वे चल रहा है। एनएचएआई की डीपीआर के अनुसार पंडेर दो हिस्सों में काटा जा रहा है।यह कोई अफ़वाह नहीं है यह कागज़ों में दर्ज सच्चाई है।जहाजपुर कांग्रेस ओबीसी ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश जाट ने बताया।प्रस्ताव के अनुसार पंडेर पुराने बस स्टैंड पर लगभग 12 फीट ऊँची दीवारनुमा पुलिया बनेगी।जिसके दोनों तरफ पक्की दीवारें होंगी और बीच में मिट्टी भरी जाएगी।गाँव से रोपा रोड की ओर जाने के लिए मुख्य बस स्टैंड पर सिर्फ़ एक छोटा रास्ता दिया जाएगा।क्या इससे पंडेर का बाजार ज़िंदा रह पाएगा,इसका सीधा मतलब हे सैकड़ों दुकानदारों की रोज़ी-रोटी बंद गाँव दो टुकड़ों में बँट जाएगा।बच्चों,बुजुर्गों,महिलाओं का आना-जाना मुश्किल होगा।पंडेर की पहचान और अस्तित्व पर बड़ा संकट आ जाएगा वही जाट ने बताया पहले भी सड़क की ऊँचाई को लेकर हमने समय पर आवाज़ नहीं उठाई थी।आज तक उसका नुकसान झेल रहे हैं।कांग्रेस नेता जाट सहित ग्रामीणों की मांग है।पंडेर में फोर-लेन सड़क वर्तमान रोड लेवल पर ही बने।सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड अनिवार्य रूप से बनाई जाए।पिलर आधारित पुल बनाकर ऊपर से फोर-लेन निकाली जाए।ताकि नीचे से रास्ता भी मिले बाजार और रोज़गार दोनों ही सुरक्षित रहें।इसके साथ ही कांग्रेस नेता जाट ने बताया पंडेर के जनप्रतिनिधि और विशेषकर भाजपा के बड़े नेताओं से भी मांग करते हैं कि वे राजनीति से ऊपर उठकर गाँव हित में खुलकर सामने आएँ और इस गलत कार्य का विरोध करें।

# राज्य निर्यात पुरस्कार 2024-25 के आवेदन अब 31 दिसंबर तक कर सकेंगे

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

कार्यालय आयुक्त, उद्योग एवं वाणिज्य द्वारा राज्य के उत्कृष्ट निर्यातकों को उनकी एक्सपोर्ट परफोरमेंस के आधार पर चयनित करने एवं पुरस्कृत करने के उद्देश्य से राजस्थान निर्यात संवर्द्धन नीति-2024 के तहत राज्य निर्यात पुरस्कार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 05.12.2025 निर्धारित की गयी थी।

महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र केके मीना ने बताया कि आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य जयपुर के द्वारा राज्य के निर्यातक अधिक से अधिक मात्रा में लाभान्वित हों एवं पुरस्कार की सभी श्रेणियों में पर्याप्त प्रतियोगिता तथा राज्य के सभी हिस्सों से आवेदन पत्र प्राप्त हो, इसे ध्यान में रखते हुए योजना में आवेदन की अंतिम तिथि को दिनांक 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया गया है।

# इस्लामिक आतंकवाद और बांग्लादेश की हिंसक घटना का के विरोध में प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

विश्व हिंदू परिषद ने इस्लामिक आतंकवाद और बांग्लादेश में हुई घटनाओं के विरोध में सूचना केंद्र चौराहे पर प्रदर्शन किया। इस दौरान संगठन के सदस्यों ने पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाना और इसे रोकना सभी के लिए जरूरी है। उन्होंने सरकार से भी अपील की कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे मामलों पर सख्त कदम उठाए जाएँ।इस अवसर पर संगठन ने जोर देकर कहा कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण था और इसका उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना और अपने आक्रोश को व्यक्त करना था।

# अरावली बचाने के लिए सड़कों पर उमड़ा सर्वसमाज, भरी हुंकार

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** हाथों में हरे-भरे पौधे और 'अरावली बचाओ-भविष्य बचाओ' व 'आवाज उठी है गली-गली, अरावली बचाओ' लिखे पोस्टरों के साथ जब हजारों लोग सड़क पर उतरे, तो नजारा देखते ही बना। अरावली के अस्तित्व पर मंडराते खतरों के खिलाफ 'अरावली बचाओ संघर्ष समिति' के आह्वान पर मंगलवार को भीलवाड़ा में सर्वसमाज ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की।

### सामाजिक सद्भाव की अनूठी मिसाल

सूचना केंद्र से कलेक्ट्रेट तक निकाली गई इस विशाल रैली में वस्त्रनगरी के सामाजिक सद्भाव का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। रैली में जाट, ब्राह्मण, राजपूत, गुर्जर, माली-सैनी, तेली, खटीक, मेघवाल, भील, जैन, माहेश्वरी, मुस्लिम, सिख और ईसाई समुदाय के लोग कंधे से कंधा मिलाकर चले। व्यापारिक संगठनों, किसान यूनियनों और महिला संगठनों की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक व्यापक जन-आंदोलन का रूप दे दिया।

### अवैध खनन और नीतियों के खिलाफ रोष

संघर्ष समिति के प्रतिनिधि नारायण भदाला ने संबोधित करते हुए कहा कि अरावली पर्वतमाला हमारे जल स्रोतों और पर्यावरण की रीढ़ है। सरकार द्वारा इसकी परिभाषा में संभावित बदलाव और लगातार हो रहे अवैध खनन से इस पर्वत श्रृंखला का वजूद खतरे में है। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि अरावली के सीने को छलनी करना बंद नहीं किया गया, तो यह आंदोलन भविष्य में और उग्र रूप धारण करेगा।

### ज्ञापन सौंपकर की प्रभावी कार्रवाई की मांग

सूचना केंद्र से शुरू हुई यह रैली कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक विशाल सभा में तब्दील हो गई। यहाँ प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा और अरावली संरक्षण हेतु कड़े कदम उठाने की मांग की। रैली के दौरान हर हाथ में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प और चेहरों पर अपनी प्राकृतिक विरासत को बचाने की अटूट प्रतिबद्धता दिखाई दी।

# श्रृंग ऋषि सेवा संस्थान की आम सभा में निर्णय, 13 सदस्यों की सहमति से प्रस्ताव पारित



स्मार्ट हलचल

**आसींद।** श्रृंग ऋषि सेवा संस्थान, जयनगर में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा में उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा द्वारा तत्कालीन अध्यक्ष कैलाश पांडा के विरुद्ध एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव में आरोप लगाया गया कि उनके द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन, मंदिर निर्माण एवं प्राण-प्रतिष्ठा जैसे पुनीत कार्यों के विरोध में तथा संस्था-विरोधी गतिविधियों का संचालन किया गया। इस प्रस्ताव पर विचार-विमर्श के पश्चात कुल 15 सदस्यों में से 13 सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की, जो कि लगभग 89 प्रतिशत बहुमत रहा। दो सदस्य अनुपस्थित रहे। आम सभा ने निर्णय लिया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन जयनगर-शंभुगढ़ को लेकर फैलाई जा रही अनावश्यक भ्रांतियों को समाप्त किया जाए, ताकि समाज के बच्चे एवं समाजजन इस पुनीत कार्य में उत्साहपूर्वक भाग ले सकें।

उसके अगले ही दिन कैलाश पंडा निवासी शंभुगढ़ ने सिखवाल समाज की बैठक की । वही अरनिया स्थित चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में शंभुगढ़ सिखवाल समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयनगर ग्राम सिखवाल समाज द्वारा प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन के संदर्भ में समाचार पत्रों शंभुगढ़ नाम जयनगर के साथ संयुक्त रूप से प्रकाशित किए जाने पर कहा कि शंभूगढ़ सिखवाल समाज का जयनगर में हो रहे आयोजन से कोई भी संबंध नहीं है। तथा जयनगर सिखवाल समाज से आग्रह किया कि आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रम में जयनगर सिखवाल समाज किसी भी समाचार पत्र, पत्रिका, बैनर, पम्पलेट, होर्डिंग अथवा अन्य किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार माध्यम में शंभुगढ़ सिखवाल समाज का नाम प्रकाशित न किया जाए।

# सलूंबर में ट्रांसफार्मर से कॉपर चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|सलूंबर

क्षेत्र में लगातार हो रही ट्रांसफार्मर चोरी की घटनाओं से आमजन और विद्युत विभाग दोनों ही परेशान थे, लेकिन सलूम्बर पुलिस ने सूझबूझ और सटीक रणनीति के साथ इस समस्या पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चोरी के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने ट्रांसफार्मर से कॉपर चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल, वाहन और वारदात में प्रयुक्त औजार बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार यादव द्वारा जिले में बढ़ते संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थानाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए थे। इन्हीं निर्देशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रतन चावला और वृत्ताधिकारी श्री हेरम्ब जोशी के निर्देशन में सलूम्बर थाना पुलिस ने एक विशेष टीम का गठन किया। टीम का नेतृत्व थानाधिकारी श्री हेमंत चौहान ने किया। मामले की जानकारी तब सामने आई जब अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में कार्यरत कनिष्ठ अभियंता श्री शारिक आज़न ने थाना सलूम्बर में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत गवडापाल क्षेत्र में 20 दिसंबर 2025 की रात अज्ञात चोरों ने सिंगल केस ट्रांसफार्मर को



क्षतिग्रस्त कर उसके भीतर से कॉपर सामग्री चोरी कर ली। इस घटना से न केवल सरकारी संपत्ति को नुकसान हुआ, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई

रिपोर्ट के आधार पर थाना सलूम्बर में प्रकरण संख्या 305/2025 दर्ज कर बीएनएस 2023 की धारा 303(2) और विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने तकनीकी जानकारी, स्थानीय स्तर पर पूछताछ और गोपनीय सूचनाओं के आधार पर संदिग्धों की पहचान की। जांच के दौरान हर बनोड़ा निवासी शंकर मीणा और हेमराज मीणा को डिटेन कर पूछताछ की गई।

मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ में दोनों ने ट्रांसफार्मर चोरी की वारदात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर चोरी किया गया कॉपर, घटना में प्रयुक्त वाहन और औजार बरामद किए।

इस पूरी कार्रवाई में थानाधिकारी श्री हेमंत चौहान के साथ हैड कांस्टेबल श्री प्रवीण सिंह, श्री भरतराज सिंह तथा कांस्टेबल श्री रमेश कुमार पटेल, श्री सुनील मीणा, श्री पुष्कर, श्री रमेश, श्री शंकर और श्री अशोक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता और मेहनत से यह खुलासा संभव हो पाया। पुलिस का मानना है कि आरोपियों से पूछताछ के दौरान अन्य चोरी की घटनाओं के सुराग भी मिल सकते हैं। फिलहाल अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोहों में भय का माहौल बना है ।

# प्रशासन के खौफ से चीड़ खेड़ा में अवैध कोयला भट्टियों पर खुद मालिकों ने चलाया हथौड़ा

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा की सहाड़ा तहसील क्षेत्र के चीड़ खेड़ा गांव में एक अनोखा नजारा देखने को मिला। क्षेत्र में अवैध कोयला भट्टियों के खिलाफ प्रशासन और पुलिस की सख्ती का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। कानूनी कार्रवाई और भारी जुर्माने के डर से भट्टा मालिकों ने खुद ही अपनी अवैध भट्टियों को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है।

## कार्रवाई के डर से पीछे हटे संचालक

ग्रामीणों के अनुसार मंगलवार को अचानक भट्टा संचालकों ने खुद ही अपने खर्च पर इन अवैध ढांचों को हटाना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा पिछले कुछ दिनों से अवैध गतिविधियों पर बढ़ाई गई निगरानी के बाद संचालकों को बड़ी कार्रवाई का अंदेशा था। किसी भी कानूनी पचड़े और पुलिसिया कार्रवाई से बचने के लिए उन्होंने आनन-फानन में यह कदम उठाया।

## ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

चीड़ खेड़ा में पिछले कई वर्षों से ये अवैध कोयला भट्टियां धड़ल्ले से संचालित हो रही थीं। इनसे निकलने वाले जहरीले धुएं से न केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा था, बल्कि स्थानीय ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा था। लंबे समय से ग्रामीण इन भट्टियों को बंद करने की मांग कर रहे थे। अब जब संचालकों ने खुद इन्हें हटाना शुरू किया है, तो ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

## प्रशासन की पैनी नजर

हालांकि, इस मामले में पुलिस या तहसील प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध कारोबार के खिलाफ विभाग अब जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, भविष्य में भी ऐसी अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाएगी ताकि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों पर लगाम कसी जा सके। यह घटना अब पूरे सहाड़ा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है कि कैसे प्रशासनिक दबाव के चलते अवैध काम करने वाले खुद अपने कदम पीछे खींचने को मजबूर हो गए हैं।

# रूचि सुराणा अध्यक्ष, नीलम गोलेच्छा मंत्री सर्वसम्मति से मनोनित

अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद की नई कार्यकारिणी घोषित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** अखिल भारतीय खरतरगच्छ महिला परिषद की भीलवाड़ा इकाई के आगामी दो वर्षों के लिए चुनाव संपन्न हुए। यह चुनाव परम पूज्या गुरुवरिया श्री गुणरंजना श्री जी महाराज की पावन निश्रा में आयोजित किए गए। चुनाव प्रक्रिया निवर्तमान अध्यक्ष उषा छाजेड़ की अध्यक्षता में पूरी हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक उषा छाजेड़, अध्यक्ष रूचि सुराणा, उपाध्यक्ष रेणु महात्मा, मंत्री नीलम गोलेच्छा, कोषाध्यक्ष मनीषा पोखरणा, संगठन मंत्री रेखा कोठारी, प्रचार प्रसार मंत्री मोनिका गोखरू बनी। कार्यकारिणी के गठन के पश्चात, नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूज्या महाराज साहेब द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने आशा व्यक्त की कि नई टीम संगठन के सेवा और संस्कार के कार्यों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

# भामाशाह ने स्वेटर वितरित किए



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** निकटवर्ती गांव मुणपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह मोहम्मद सद्दीक की ओर से विधालय के विधार्थियों को स्वेटर वितरित कर सर्दी से बचाव हेतु अनुकरणीय पहल की। स्वेटर पाकर बच्चे बड़े खुश हुए।विदित रहे शिक्षक मोहम्मद सद्दीक इसी विधालय में शिक्षण सेवा दे रहे हैं। साथ ही बच्चों के प्रति अपनी भावना से गर्म स्वेटर बच्चों को भेंट कर परोपकार की भावना का उदाहरण प्रस्तुत किया। विधालय के प्रधानाध्यापक गोविंद कुमार पारीक एवं शिक्षक स्टाफ बाबूलाल, सुनील पाल, सत्यनारायण सोनी आदि स्टाफ ने इस परोपकारी कार्य को लेकर मोहम्मद सद्दीक का सम्मान किया।जिस पर भामाशाह ने आभार व्यक्त किया।

# सरकार का विकास रथ यात्रा पहुंचा सवाईपुर, सरकार के 2 वर्ष के कार्यों से जनता को कराया रूबरू

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर।** राजस्थान सरकार के बेमिसाल 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर ग्राम पंचायत स्तर जनसंपर्क हेतु राजस्थान सरकार की विकास रथ यात्रा बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान की विकास रथ यात्रा मंगलवार को सवाईपुर, बनकाखेड़ा, बड़ला व रेड़वास ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंचा । इसमें राज्य सरकार की योजनाओं व विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित रथ यात्रा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर पहुंची । इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र तिवाड़ी, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट, बनकाखेड़ा प्रशासक रामू देवी गाड़री, पूर्व सरपंच अमरचंद गाडरी, जिला परिषद सदस्य लादी देवी जाट, बद्रीलाल जाट प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख राजस्थान प्रदेश, बद्रीलाल तेली प्रातः अध्यक्ष अफीम किसान संघर्ष समिति राजस्थान प्रदेश, कनिष्ठ लिपिक मुकेश पारीक, देवराज जाट, दयाल सिंह राठौड़, शांतिलाल आचार्य, मंडल अध्यक्ष सीताराम रायका, श्री कल्याण आचार्य किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, चंद्र प्रकाश गाड़री, रामकुमार जाट, वार्डपंच मोड़ सिंह दरोगा, वार्डपंच रामेश्वर लाल जाट, वार्डपंच मोहनलाल रेगर आदि कई मौजूद रहे । जिला महामंत्री जात में मंडल अध्यक्ष सेन ने बदलते राजस्थान में विकास की तेज गति हुई और सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए ऐसे जनसंपर्क अभियान एवं भूमिका निभा रहे हैं सहित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी इस दौरान कई जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।

# बारहठ बंधुओं की प्रतिमाओं पर किए श्रद्धासुमन अर्पित



स्मार्ट हलचल

**भीलवाडा।** कुँ. प्रतापसिंह बारहठ सेवा संस्थान शाखा भीलवाड़ा के तत्वावधान में प्रतापसिंह बारहठ रोड़ (सांगानेर रोड़) स्थित त्रिमूर्ति सर्किल पर महान क्रांतिकारी केसर सिंह बारहठ, जोरावर सिंह बारहठ और प्रताप सिंह बारहठ की प्रतिमाओं पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। संस्थान प्रतिवर्ष इस दिन को बारहठ शौर्य दिवस के रूप में मनाता है। 23 दिसंबर, 1912 को दिल्ली में लॉर्ड होर्डिंग्स बम कांड हुआ था। बम कांड में मुख्य भूमिका जोरावर सिंह बारहठ और उनके भतीजे प्रताप सिंह बारहठ की थी। कार्यक्रम में नगर निगम की पार्षद मधु शर्मा, संस्थान के पदाधिकारी, श्यामलाल ओझा, सत्यनारायण शर्मा, सत्यनारायण श्रोत्रिय, ओमप्रकाश पारीक, मदनलाल छीपा, प्रभाकर चतुर्वेदी, डॉ. राजेन्द्र छीपा, राजकुमार, गोपाल, राकेश, बंशीलाल, दीनदयाल जोशी आदि उपस्थित थे। डॉक्टर कैलाश पारीक, अध्यक्ष संस्थान ने बारहठ बंधुओं के जीवन-चरित्र एवं उनके क्रातिकारी कार्यों व बलिदानों का परिचय दिया।

# रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुरु



स्मार्ट हलचल | बनेड़ा

उपखण्ड सर्किल के बामणिया ग्राम में श्री वीर तेजा रात्रिकालीन वॉलीबॉल प्रतियोगिता (जूनियर वर्ग) का सोमवार से आगाज हुआ। सात दिवसीय जुनियर वालीवाल प्रतियोगिता में कुल 6 टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का आयोजन बामणिया ग्राम के तेजाजी चौक में हो रहा हैं। आयोजन कमेटी की और से विजेता और उप विजेता टीम को पारितौषिक और नकद राशि प्रदान की जाएगी। उद्घाटन समारोह समाजसेवी नरेंद्र सिंह कानावत, माधु सिंह राठौड़, धर्मराज खटीक, कालू माली, सागर जाट, भैरू सिंह राठौड़, नारायण जाट, उदय लाल भोपाजी, कालू सिंह राठौड़ की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# त्रिवेणी संगम पर 28 दिसंबर को सजेगा विशाल चिकित्सा शिविर, निःशुल्क ऑपरेशन और जांचों की मिलेगी सुविधा

## रक्तदान शिविर का भी होगा आयोजन, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम देगी सेवाएं

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

**भीलवाड़ा।** राजस्थान प्रान्तीय तैलिक साहू महासभा एवं भीलवाड़ा ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में आगामी रविवार, 28 दिसंबर 2025 को एक विशाल निःशुल्क नेत्र एवं चिकित्सा शिविर तथा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन त्रिवेणी संगम (भीलवाड़ा) स्थित तैलिक साहू समाज धर्मशाला में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा।



निःशुल्क ऑपरेशन और दवाइयों की सुविधा

शिविर में नेत्र रोगियों की जांच बांगड़ हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा की जाएगी। जांच के दौरान ऑपरेशन के लिए चयनित मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण सहित) बांगड़ हॉस्पिटल, भीलवाड़ा में निर्धारित तिथि को पूरी तरह निःशुल्क किए जाएंगे। खास बात यह है कि ऑपरेशन वाले मरीजों के लिए त्रिवेणी संगम से अस्पताल तक आने-जाने, रहने, भोजन तथा चश्मे व दवाइयों की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा निःशुल्क रहेगी।

## विभिन्न रोगों की होगी जांच

नेत्र जांच के साथ-साथ शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप और ईसीजी जैसी महत्वपूर्ण जांचें भी निःशुल्क की जाएंगी। शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम परामर्श देगी, जिसमेंः डॉ. तरुणा दरगड़ (नेत्र रोग विशेषज्ञ) डॉ. पवन ओला (हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ. वनिता जैन (स्त्री एवं निसंतानता रोग विशेषज्ञ) डॉ. सुधीर मालू (फिजिशियन) डॉ. विनोद गौतम (हड्डी रोग विशेषज्ञ) डॉ. हर्षित पांचाल (दंत रोग विशेषज्ञ) अपनी सेवाएं देंगे। रक्तदान शिविर का आकर्षण मानव सेवा के संकल्प के साथ शिविर परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा, जिसमें भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम रक्त संग्रहण करेगी।

## इनका रहेगा विशेष सहयोग

जिला अंधता निवारण समिति भीलवाड़ा के प्रशासनिक सहयोग से आयोजित इस शिविर में अपेक्स हेल्थ केयर सोसाइटी का विशेष योगदान रहेगा। संस्था के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. तृप्ति साहू, सचिव मोडू लाल तेली और एपेक्स डायग्नोस्टिक के राधेश्याम साहू सहित समाज के कई पदाधिकारी व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।

शिविर का लाभ लेने वाले सभी मरीजों को अपने साथ जन आधार कार्ड एवं आधार कार्ड लाना अनिवार्य है। प्रदेश अध्यक्ष देवीलाल साहू, मोडू लाल तेली, आत्माराम लाईवाल और जिला अध्यक्ष रामपाल आसरवा ने क्षेत्र की जनता से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लाभ उठाने की अपील की है।

# 100 फीट रोड पर अतिक्रमण हटाने के खिलाफ न्यास की कार्रवाई

## दुकानों और पक्के निर्माणों पर चला न्यास का पीला पंजा



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** नगर विकास न्यास ने शहर की 100 फीट रोड पर एक बार फिर मंगलवार को अतिक्रमण हटाने का अभियान फिर से शुरू किया । मंगलवार को न्यास का दस्ता मौके पर पहुंचा और नालों पर किए गए अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की।अभियान के दौरान दुकानें और कुछ पक्के अतिक्रमण तोड़े गए।जिससे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

नगर विकास न्यास की टीम ने सबसे पहले एक होटल के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। इसके बाद 100 फीट रोड पर बने अन्य पक्के निर्माणों को लेकर भी तोड़फोड़ की। कार्रवाई की आशंका को देखते हुए कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपनी दुकानों को खाली करना शुरू कर दिया । इधर 100 फिट रोड़ पर ही स्थित महादेव गुर्जर की विवादित चार दुकानों पर भी न्यास का पीला पंजा चला ओर इन्हें ध्वस्त कर दिया।

इस संबंध में महादेव गुर्जर ने बताया कि उन्होंने मामले को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी है। अतिक्रमण हटाने की इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र के व्यापारियों और दुकानदारों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है, वहीं नगर विकास न्यास का कहना है कि सड़क और नालों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए यह अभियान जारी रहेगा।

# रोडवेज बसों में सीट बेल्ट व सीट के पीछे कुशन लगाने का सुझाव

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** रोडवेज की बसों में यात्रियों की सुरक्षा के इंतजाम पूरे नहीं होने से आये दिन यात्री दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। भाकपा (मा.) ने परिवहन विभाग व राजस्थान रोडवेज प्रबंधन को इस संबंध में सुझाव देते हुए बसों में सीट बेल्ट लगाने तथा बस के पीछे सीट पर कुशन लगाने की मांग की है ताकि अचानक ब्रेक लगाये जाने पर यात्री आगे की सीट से टकराकर जख्मी न हो और सीट के पीछे लगे कुशन से उसके चेहरे का बचाव हो सके।

सीपीएम जिला प्रवक्ता साथी हेमचन्द आर्य ने परिवहन मंत्री को पत्र लिखकर रोडवेज बसों के चालकों द्वारा बरती जा रही अनदेखी व लापरवाही की ओर ध्यान दिलाया है। अपने पत्र में लिखा है कि निजी कम्पनी की ट्रेवल बसों से प्रतिस्पर्धा के कारण रोडवेज चालक निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज बस चलाते हैं

जिससे कई बार हादसे हो जाते हैं। निजी बस चालक ओवरटेक करने से नहीं चूकते और तेज गति के कारण यातायात नियमों की भी अवहेलना होती है। कई बार आगे चलते वाहन और रोडवेज के बीच दूरी कम होने की स्थिति में किसी भी कारण से आगे चलने वाले दो या चार पहिया वाहन चालक के ब्रेक लगाते ही रोडवेज बस चालक को भी आपात स्थिति में ब्रेक लगाने पड़ते हैं और ऐसे में बस यात्री अगली सीट से टकराकर चोटिल हो जाता है।

यातायात एवं परिवहन विभाग ने कारों में सीट बेल्ट अनिवार्य कर रखे हैं और बसों में यात्रियों को अपने हाल पर छोड़ दिया है जबकि बसों की सीटें न तो आरामदायक है और न ही सुरक्षा की दृष्टि से अनुकूल। अतः रोडवेज बसों की सीटिंग व्यवस्था सुचारू, सुरक्षित व सुविधाजनक बनाने हेतु नई डिजाइन पर भी ध्यान देना जरूरी है।

# कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को सोशल मीडिया पर पिस्टल के साथ फोटो-विडियो अपलोड करना पड़ा भारी, गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

शहर में सोशल मीडिया के जरिए दहशत फैलाने की कोशिश करने वाले बदमाशों पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। इसी कड़ी में थाना घंटाघर पुलिस ने इंस्टाग्राम पर पिस्टल के साथ रील और फोटो पोस्ट कर खुलेआम कानून को चुनौती देने वाले कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशों पर सोशल मीडिया पर हथियारों की नुमाइश कर आमजन में भय व अशांति फैलाने वालों के खिलाफ विशेष निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) उमेश ओझा



एवं वृत्ताधिकारी नगर पश्चिम के सुपरविजन में थानाधिकारी कर्मवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार आरोपी मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना (26), निवासी महावतवाड़ी, थाना घंटाघर ने करीब चार दिन पूर्व इंस्टाग्राम पर ऐसी रील पोस्ट की थी, जिसमें वह 'ना पुलिस से, ना विधायक से, ना मंत्री से डरने' की बात कहता नजर आया। इसके बाद उसने हाथ में पिस्टल लेकर फोटो और वीडियो साझा किए, जिससे उसकी गैंग का वर्चस्व दिखाने और लोगों में खौफ पैदा करने की मंशा साफ झलकती थी।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। उसे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है, जहां उससे हथियारों और नेटवर्क को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है।पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक मोहम्मद सोहेल उर्फ अन्ना एक सक्रिय बदमाश है, जिसके खिलाफ उद्यापन, लूट, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार और गंभीर मारपीट जैसे कुल 26 मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं, जो वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन हैं। हाल ही में हाथीपोल थाना क्षेत्र में राजदर्शन होटल के सामने फायरिंग कर जानलेवा हमले के मामले में वह जमानत पर बाहर था।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी कर्मवीर सिंह के साथ सहायक उपनिरीक्षक भगवानलाल, हैड कांस्टेबल सत्यपाल तथा कांस्टेबल सोहन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सुखाड़िया विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

# अनुशासन, टीमवर्क की भावना जगाने मे खेलों की भूमिका- प्रोफेसर भगवती प्रसाद

स्मार्ट हलचल| उदयपुर




मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू) की अंतर महाविद्यालयी हैंडबॉल प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) का आयोजन प्रेम शांति निकेतन टी.टी. कॉलेज, पानेरियों की मादड़ी द्वारा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी संघटक एवं संबद्ध महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. बी.पी. सारस्वत, कुलगुरु, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित किया और खेलों की भूमिका पर प्रकाश डाला साथ ही बताया कि प्रतियोगिता खेल के साथ-साथ युवाओं में अनुशासन, टीमवर्क एवं राष्ट्र निर्माण की भावना जगाती है।

मुख्य वक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक धनराज ने राष्ट्र निर्माण एवं संघ शताब्दी वर्ष के पांच परिवर्तनों पर विस्तृत उद्बोधन दिया। विशिष्ट अतिथियों में प्रो. आनंद पालीवाल (अधिष्ठाता, विधि महाविद्यालय), वीरेंद्र सिंह जी (प्रांत संगठन मंत्री, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद), भरत जी व्यास (कार्यकारी अध्यक्ष, अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ), डॉ. भीमराज पटेल, डॉ. हेमराज चौधरी, डॉ. हरीश कपास्या तथा हैंडबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वीरेंद्र जी शामिल रहे।

आयोजन के दौरान खिलाड़ियों एवं उपस्थित व्यक्तियो को संघ साहित्य का वितरण भी किया गया, जिससे कार्यक्रम में राष्ट्रभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संदेश मजबूत हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय निदेशक डॉ समरथ नागौरी ने की एव आभार प्राचार्य ऋतु गुर्जर ने व्यक्त किया। आयोजक सचिव रवीश नागौरी ने बताया कि पुरुष वर्ग में राणा प्रताप कॉलेज भिण्डर बनाम सुयश कॉलेज, राश्मि में राणा प्रताप विजेता, ऐश्वर्या कॉलेज बनाम कला महाविद्यालय में ऐश्वर्या कॉलेज उदयपुर विजेता, महिला वर्ग में एम. पीपी. जी, चित्तौड़गढ़, कला महाविद्यालय (सुखाड़िया विश्वविद्यालय) सुजस टीटी कॉलेज आदि विजेता रहे।

# केडीए में अंबेडकर कच्ची बस्ती पुनर्वास हेतु महत्वपूर्ण बैठक

स्मार्ट हलचल | कोटा



कोटा विकास प्राधिकरण द्वारा आज कोटा शहर के मध्य क्षेत्र में अव्यवस्थित रूप से बसी हुई अम्बेडकर कच्ची बस्ती के पुनर्वास के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अम्बेडकर कच्ची बस्ती बस्ती में निवासरत पात्र परिवारों को अजय आहूजा नगर स्पेशल पार्ट-प्रथम एवं द्वितीय योजना के अंतर्गत पुनर्वासित करने के संबंध में उनसे चर्चा हुई । साथ ही विस्थापन एवं पुनर्वास की प्रक्रिया को चरणबद्ध, सुव्यवस्थित तथा मानवीय दृष्टिकोण के साथ संपन्न किए जाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव मुकेश कुमार चौधरी, सलाहकार (नियोजन) संदीप दंडवते, राजस्व सलाहकार परमानन्द गोयल ,अधिशासी अभियंता पंकज कुशवाह व पवन शर्मा उपस्थित रहे।

# कोटा के पर्यटन को मिलेगी नई पहचान: मुकुंदरा हिल्स की अनछुई सुंदरता को दुनिया के सामने लाएगी फिल्म 'एन्चैंटिंग मुकुंदरा'

स्मार्ट हलचल|कोटा




मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व की अद्भुत प्राकृतिक विरासत और समृद्ध जैव विविधता पर आधारित बहुप्रतीक्षित डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'एन्चैंटिंग मुकुंदरा ' का पोस्टर और ट्रेलर आज औपचारिक रूप से रिलीज़ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संभागीय मुख्य वन संरक्षक सुगना राम जाट थे, अध्यक्षता सी सी एफ सोनल जौरिहार ने की और विशिष्ट अतिथि डी सी एफ मुथु एस थे।

फिल्म के निर्देशक अमित गोस्वामी हैं और निर्माता कौशल बंसल, डॉ कपिल सिद्धार्थ और अलौकिक जैन हैं। फिल्म जनवरी माह में रिलीज़ होगी और इसका वर्ल्ड प्रीमियर 1 फरवरी को चम्बल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा। यह डॉक्यूमेंट्री फिल्म राजस्थान के प्रमुख प्राकृतिक धरोहर स्थलों में से एक मुकुंदरा राष्ट्रीय उद्यान की अनछुई सुंदरता, जैविक विविधता और वहां के जीवन चक्र को बेहद संवेदनशील और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। ट्रेलर में घने जंगलों, बहती नदियों, पहाड़ियों और घाटियों के मनोरम दृश्य दर्शकों को पहली झलक में ही प्रकृति के जादुई संसार में ले जाते हैं। बाघ, तेंदुआ, स्लॉथ बियर, सांभर, चीतल सहित अनेक दुर्लभ वन्यजीवों और रंग-बिरंगे पक्षियों की झलक ट्रेलर को रोमांचक और भावनात्मक बनाती है। फिल्म का पोस्टर मुकुंदरा की रहस्यमयी और आकर्षक छवि को दर्शाता है, जिसमें जंगल की शांति, शक्ति और सौंदर्य का अनूठा संगम दिखाई देता है। पोस्टर और ट्रेलर दोनों ही दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता और जिज्ञासा बढ़ाने में सफल रहे हैं।

मुख्य अतिथि सुगनाराम जाट ने कहा की 'एन्चैंटिंग मुकुंदरा' केवल एक दृश्यात्मक प्रस्तुति नहीं है, बल्कि यह वन संरक्षण, जैव विविधता के महत्व और प्रकृति के साथ मानव के संतुलित सह-अस्तित्व का सशक्त संदेश भी देती है। डॉक्यूमेंट्री यह दर्शाती है कि किस प्रकार मुकुंदरा टाइगर रिज़र्व न केवल वन्यजीवों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अध्यक्षता कर रही सोनल जोरिहार ने कहा कि इस डॉक्यूमेंट्री का मुख्य उद्देश्य लोगों में प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना जागृत करना है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इस प्राकृतिक धरोहर का आनंद ले सकें। विशिष्ट अतिथि मुथु एस ने अपने वक्तव्य में बताया की फिल्म का उद्देश्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि वन संरक्षण, जैव विविधता की महत्ता और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने का संदेश देना भी है । फिल्म निर्माण के दौरान आधुनिक सिनेमैटोग्राफी तकनीकों का उपयोग किया गया है, जिससे प्राकृतिक दृश्यों को अत्यंत जीवंत और प्रभावशाली रूप में कैद किया जा सका है। साथ ही, फिल्म का संगीत और बैकग्राउंड स्कोर दर्शकों को प्रकृति की गहराई से जोड़ने का कार्य करता है।

मुकुंदरा रामगढ़ टाईगर संस्था के सचिव कौशल बंसल ने कहा कि कोटा को अब तक लोग शिक्षा या उद्योग के लिए जानते थे, लेकिन 'एन्चैंटिंग मुकुंदरा' के जरिये हम दुनिया को यह बताना चाहते हैं कि यहाँ की वाइल्डलाइफ भी वर्ल्ड क्लास है। हमारा उद्देश्य मुकुंदरा को वैश्विक पर्यटन के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करना है। मुझे विश्वास है कि इस फिल्म को देखने के बाद हर प्रकृति प्रेमी एक बार मुकुंदरा आने के लिए मजबूर हो जाएगा।

रंगकर्म और कला संस्था के निदेशक डॉ कपिल सिद्धार्थ ने धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि हमने इस डॉक्यूमेंट्री में सिर्फ जानवरों या पेड़ों को नहीं दिखाया है, बल्कि मुकुंदरा की आत्मा को छूने की कोशिश की है। आधुनिक तकनीक और बेहतरीन बैकग्राउंड स्कोर के जरिए हमने एक ऐसा अनुभव तैयार किया है जिससे दर्शक खुद को जंगल के बीच महसूस करेंगे। यह फिल्म दर्शकों को मनोरंजन के साथ-साथ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का अहसास भी कराएगी।

'एन्चैंटिंग मुकुंदरा' को शीघ्र ही राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों के साथ-साथ विभिन्न डिजिटल और शैक्षणिक प्लेटफॉर्म्स पर प्रदर्शित किया जाएगा। यह डॉक्यूमेंट्री निश्चित रूप से प्रकृति प्रेमियों, विद्यार्थियों और आम दर्शकों के लिए एक प्रेरणादायक और यादगार अनुभव साबित होगी। इस दौरान टाइगर मैन दौलत सिंह शक्तावत, होटल फेडरेशन कोटा डिवीज़न केअध्यक्ष अशोक माहेशवरी, होटल फेडरेशन के अन्य पदाधिकारी, वन्यजीव प्रेमियों, पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विशेषज्ञों, मीडिया प्रतिनिधियों और फिल्म जगत से जुड़े गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। इस फिल्म के प्रदर्शन के बाद भारतीय और विदेशी पर्यटक मुकुन्दरा के अद्भुद सौंदर्य को निहारने कोटा पधारेंगे।

# सलावलिया बाँध पर नरेगा कार्य में मिली अनियमितता

## मस्टररोल में 10 श्रमिक दर्ज, मौके पर मिला केवल एक

स्मार्ट हलचल| बूंदी



जिले की हिण्डोली पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सहसपुरिया में स्थित सलावलिया बाँध पर चल रहे विकास कार्यों में अनियमितता सामने आई है। यहाँ सफाई और सुदृढ़ीकरण कार्य के नाम पर कागजों में श्रमिकों की फर्जी हाजिरी भरकर सरकारी धन के दुरुपयोग की कोशिश की जा रही थी। शिकायत मिलने पर मनरेगा लोकपाल दीपक मीणा ने मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया।

लोकपाल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग की मस्टररोल में 10 श्रमिकों की उपस्थिति दिखाई गई थी। लेकिन भौतिक सत्यापन किया गया, तो कार्यस्थल पर सिर्फ एक श्रमिक ही मौजूद मिला। बाकी के 9 श्रमिक गायब थे, जबकि रिकॉर्ड में उन्हें काम पर दिखाया गया था।

जांच में केवल संख्या का ही अंतर नहीं मिला, बल्कि नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई थीं। लोकपाल द्वारा मस्टररोल की गहन जांच में पता चला कि दो दिन की हाजिरी पहले से ही भरी जा चुकी थी।

'नरेगा लोकपाल ने बताया कि जनहित की योजनाओं में पारदर्शिता हमारी प्राथमिकता है। सलावलिया बाँध मामले में अभिलेखों और मौके की स्थिति में अंतर मिला है। विस्तृत जांच जारी है, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी।'

उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान मौके पर ही श्रमिक के बयान दर्ज किए गए। प्रथम दृष्टया इस मामले को गंभीर अनियमितता माना जा रहा है। मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसके बाद आगामी वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# शहीद गोविंद सिंह गुर्जर की मूर्ति का अनावरण आज

स्मार्ट हलचल

**वैर।** समीपवर्ती गांव रायपुर में अमर शहीद गोविंद सिंह गुर्जर की मूर्ति का अनावरण समारोह का आयोजन 24 दिसम्बर बुधवार को दोपहर 2:00 बजे होगा। राजू रायपुर ने बताया कि समारोह शहीद के परिजन एवं गांव वासियों द्वारा आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम होंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती संजना जाटव सांसद लोकसभा भरतपुर क्षेत्रीय विधायक बहादुर सिंह कोली, विधानसभा क्षेत्र करौली के विधायक दर्शन सिंह गुर्जर एवं कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा होंगे। समारोह को विशेष रूप से शतायु पूर्व सांसद पंडित रामकिशन भी संबोधित करेंगे।

# माता पिता और गुरुओं का ऋण हम कभी नहीं चुका सकते- कछवाहा



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** माता पिता और गुरुओं का ऋण हम कभी नहीं चुका सकते क्योंकि माता पिता हमें पढ़ने के लिए विद्यालय भेजते हैं जहां गुरुजन हमें शिक्षा देकर हमारा भविष्य निर्माण करते हैं जो हमारे जीवन में सबसे महत्वपूर्ण है। यह बात शहर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नूतन में श्रीमती राधा शर्मा व राजेश कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण कार्यक्रम में मुख्यवक्ता वरिष्ठ पत्रकार जार राजस्थान के प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा ने कही। कछवाहा ने कहा कि हमें हमारे शिक्षकों का सम्मान जीवन भर करना चाहिए चाहे हम कुछ भी बन जाएं क्योंकि उनके लिए तो हम सदैव विद्यार्थी ही रहेंगे। साथ ही हमें विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई करने का कोई भी अवसर नहीं छोड़ना चाहिए और विद्यार्थी जीवन के सभी नियमों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम को आयोजक अतिथि राजेश शर्मा ने भी सम्बोधित करते हुए सभी को सदाचार ,शिष्टाचार के साथ राष्ट्रीयता का पाठ पढ़ाया।

इस दौरान विशिष्ट अतिथि जार जिला कार्यालय सचिव किशोर तँवर ने भी सम्बोधित करते हुए शिक्षा का महत्व बताया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को श्रीमती राधा शर्मा व राजेश शर्मा की ओर से सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शिमला मारवाड़ी ने की। कार्यक्रम में विद्यालय के श्रीमती हेमलता वर्मा,नीरज वर्मा,कमलेश मीणा, दिनेश सिंह व राजेंद्र कुमार वैष्णव आदि शिक्षक के साथ जार पदाधिकारी सुभाष सोदा भी मौजूद रहे।

# अरावली पर्वत को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल|कोटा



अरावली पर्वत श्रृंखला को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी आदेशों के खिलाफ हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति संभागीय के चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओ के संयोजक कुन्दन चीता एवं अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित के नेतृत्व मे पर्यावरण प्रेमियों, किसानों एवं समाजिक कार्यकत्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकरं अरावली पर्वत श्रृंखला को तुरंत संरक्षित क्षेत्र घोषित किये जाने की मांग को लेकर किशोर सागर तालाब की पाल पर एक विरोध प्रदर्शन किया गया।

चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओं अभियान के संयोजक कुन्दन चीता एवं हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के सभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने कहा कि अरावली सिर्फ एक पर्वत श्रृंखला नहीं है, बल्कि उत्तर भारत की जीवनरेखा है, यह राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान है, अरावली के अस्तित्व से ही करोड़ों लोगों के जीवन को पर्यावरणीय संतुलन, जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राण वायु मिलती है, उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अरावली क्षेत्र के संबंध में जारी किए गए आदेश पर्यावरण विरोधी और जनविरोधी हैं, ऐसे आदेशों से अवैध खनन के लिए खुली छूट, जंगलों का विनाश, जल स्त्रोतों की कमी, प्रदूषण में खतरनाक वृद्धि और जलवायु असंतुलन जैसी गंभीर स्थितियां पैदा होंगी । उन्होंने कहा कि अगर इस मामले में जल्द ही कोई सकारात्मक फैसला नहीं लिया गया, तो पर्यावरण प्रेमी विरोध प्रदर्शन करते रहेगें, इस विरोध प्रदशन में वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष तेजेन्द्र पाल सिंह सेठी महासचिव डीके अरोड़ा, सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रमोद चतुर्वेदी, अरूण भार्गव, किसान नेता दशरथ सिंह, हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के पदाधिकारी महामंत्री विरेन्द्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिकर चिरोरा, गणेश दत्त दाधिच, उपाध्यक्ष ललित शर्मा, जिलाध्यक्ष राजकुमार विजय पिंकी, लीला दाधिच, कांग्रेसी नेता मंजूर तंवर, एडवोकेट अशोक कुमार जैन, रईस चैधरी, हेमन्त झाला, आबिद खान, नितिन गौतम, रईस खान, मायाराम मेघवाल, धन्नालाल मेघवाल, तेजपाल सिंह, लक्ष्मी नारायण सुमन, देवेन्द्र यादव, आबिद भाई, सुनील राज, राजैन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह हाड़ा, पृथ्वीराज कुशवाह, हेमन्त मालव, गणेश राम, आरिफ बोकड़ा, इकबाल भाई, मोहन सेन शास्त्री, हाकिम सिंह राघव, सूर्य प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

# छठी शरीफ़ के आयोजन को लेकर पोस्टर का विमोचन



स्मार्ट हलचल|जमीतपुरा

कस्बे के पंचायती नोहरा में मंगलवार को छठी शरीफ़ के आयोजन को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग बूंदी के जिलाध्यक्ष जावेद जेड ने जानकारी देते हुए बताया कि हज़रत सूफी संत हज़रत हजूर बाबा अब्दुल गफूर शाह साहब नक़्शबंदी की दरगाह पर हिंदुस्तान के महान सूफी संत हज़रत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती अजमेर वालों की छठी शरीफ़ बड़े ही श्रद्धा और धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर कौमी एकता और सामुदायिक सौहार्द की मिसाल कनवास दरगाह के गद्दीनशीन सूफी संत बाबा अब्दुल हकीम नक़्शबंदी, मदरसा बोर्ड चेयरमैन एवं अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष जावेद जेड, दरगाह सदर जावेद जेड, नसरुद्दीन जेड, इक़बाल हुसैन, सिराजुद्दीन मेव, फिरोज़ खान सकरावता, दानिश खान, मोनू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने छठी शरीफ़ के पोस्टर का विमोचन किया। दरगाह के गद्दीनशीन हज़रत अब्दुल हकीम नक़्शबंदी ने बताया कि कनवास दरगाह पर प्रत्येक माह छठी शरीफ़ का आयोजन किया जाता है, जबकि वर्ष में एक बार सूफी संत ख्वाजा साहब के उर्स के अवसर पर विशेष छठी शरीफ़ का आयोजन होता है। अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं दरगाह सदर जावेद जेड ने बताया कि नक़्शबंदिया सेवा संस्था द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा लगातार की जाती है। संस्था की ओर से साल में एक बार रक्तदान शिविर, सर्दियों में कंबल वितरण तथा अन्य सामाजिक सेवा कार्य किए जाते हैं। साथ ही सरकार बाबा अब्दुल गफूर शाह साहब के नाम से गरीब परिवारों की शादियां भी कराई जाती हैं। कार्यक्रम के तहत सुबह 9 बजे कुरान ख़्वानी, दोपहर 2 बजे मेहफिल-ए-मिलाद का आयोजन होगा। असर की नमाज़ के बाद चादर शरीफ़ पेश की जाएगी। इस दौरान शुद्ध शाकाहारी प्रसाद लंगर के रूप में वितरित किया जाएगा तथा देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ की जाएगी।

# कोटा थर्मल में 'एक बारीय विशेष स्थानांतरण योजना' से पदोन्नति पर विवाद

## छबड़ा व सुरतगढ़ सुपर थर्मल को कोटा थर्मल में आने वाले तकनीकी कार्मिकों को दोहरा लाभ देने का विरोध

स्मार्ट हलचल|कोटा



कोटा सुपर थर्मल पावर स्टेशन के श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य अभियंता श्रीमति शशि अग्रवाल को एक ज्ञापन देकर एक बारीय विशेष स्थानांतरण योजना-2018 में दोहरा लाभ प्राप्त करने वाले और 'टाइम बाउंड प्रमोशन पॉलिसी' में शामिल नहीं होने वाले तकनीकी कर्मचारियों के कारण पैदा हुई विसंगतियों को तत्काल दूर करने की मांग की।

राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ, कोटा थर्मल के अध्यक्ष रामसिंह शेखावत ने बताया कि 'एक बारीय विशेष स्थानांतरण योजना 2018' के तहत अन्य विद्युत गृहों से कोटा थर्मल में आये कुछ तकनीकी कर्मचारियों को थर्मल प्रशासन द्वारा योजना के निर्देश संख्या-8 की अवहेलना कर पूर्व के विद्युत गृह पर धारित पद के आधार पर पदोन्नति कर दी गई और उन कर्मचारियों को नवीन पद पर कार्यग्रहण करवा दिया। परिणामस्वरूप कोटा थर्मल में नियुक्त वरिष्ठ तकनीकी कर्मचारी अन्य विद्युत गृहों से आए कर्मचारियों से कनिष्ठ हो गए।

इस विसंगति के बारे में श्रम संघों द्वारा निगम प्रशासन को बार-बार अवगत कराया गया जिसके फलस्वरूप प्रशासन ने दोहरा लाभ प्राप्त कर चुके कर्मचारियों से एक विकल्प पत्र भरवाया गया। जिसमें स्पष्ट उल्लेख है कि इस योजना में पदोन्नति लेना है तो उन कार्मिकों को अपने पूर्व मूल विद्युतगृह में जाना पड़ेगा और जो पदोन्नति छोड़ते हैं वे कोटा थर्मल में पदस्थापित रह सकते है। लेकिन विकल्प पत्र भरवाने के बाद थर्मल प्रशासन द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया गया।

संगठन द्वारा पुनः अवगत करवाने पर प्रशासन द्वारा एक बार फिर ''टाइम बाउंड प्रमोशन पॉलिसी'' अपनाने का विकल्प दिया गया लेकिन दोहरा लाभ प्राप्त कर चुके कर्मचारियों ने इस विकल्प पत्र को नहीं भरकर नियमों की सरासर अवहेलना की। थर्मल प्रशासन ने ऐसे तकनीकी कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही न करते हुए 19 दिसंबर,2025 को एक आदेश जारी कर दिया जो ''टाइम बाउंड प्रमोशन पॉलिसी'' अपनाकर कोटा स्थानांतरण होकर आये कर्मचारियों के हित में नहीं है। आदेश में ''एक बारीय विशेष स्थानांतरण योजना 2011, 2012 व 2018 '' को ही बदलने की बात कही गई जो सभी तकनीकी कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात है।

ज्ञापन में उर्जा मंत्री से मांग की गई कि जिन तकनीकी कर्मचारियों ने कोटा तापीय विद्युत गृह में कार्यग्रहण करने के पश्चात् पुराने विद्युत गृह से पदोन्नति का जो दोहरा लाभ लिया है उसे निरस्त कर उनको ''टाइम बाउंड प्रमोशन पॉलिसी'' अपनाने के निर्देश दिये जाये। इससे पदोन्नति के इस विवादित प्रकरण का समाधान हो सकेगा।

# क्रिकेट टीम की टी शर्ट का विमोचन



स्मार्ट हलचल|उदयपुर

पूर्बिया कलाल समाज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता सलूम्बर में 25 से 28 अक्टूबर 2025 को आयोजित कि जा रही हैं। जिसमें उदयपुर, ओंगणा, झाड़ोल, सलूंबर,थूर मदार, मेवाड़ व मालवा इकाईयों के खिलाड़ी भाग लेंगे।माणस क्रिकेट क्लब व भेरु नाथ क्रिकेट क्लब ओंगणा के टीमों के टी शर्ट का विमोचन कथावाचक पुष्कर दास जी महाराज व एमबी हास्पिटल उदयपुर के उप अधीक्षक डॉ संजीव टांक ने नरेश पूर्बिया अध्यक्ष पूर्बिया समाज ओंगणा, सेवानिवृत्त तहसीलदार त्रिलोक पूर्बिया, डॉ महेन्द्र सिंह राठौड़, नर्सिंग अधीक्षक ओमप्रकाश पालीवाल, हेमंत आमेटा, अल्पेश परमार , गौतम पूर्बिया व दिक्षित पूर्बिया की उपस्थिति में किया।

# पूर्व मंत्री जाड़ावत ने सूरज माली से मिल कुशलक्षेम पूछी

## कपासन के बहुचर्चित मामले को लेकर जांच कर रहे अधिकारी से बात की



स्मार्ट हलचल|ओम जैन

**कपासन।** राजस्थान सरकार के पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने कपासन में गत दिनों हुई दुःखद घटना में घायल हुए सूरज माली से आज उसके निवास स्थान भूपाल खेड़ा पहुंचकर कुशलक्षेम पूछी और उनके पिता से बातचीत कर चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे उनके उपचार की स्थिति की जानी, इस प्रकरण की जांच कर रहे एसओजी के एडिशनल एसपी मुकेश सोनी से मोबाइल के माध्यम से बात कर इस केस से संबंधित जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

पूर्व जिला अध्यक्ष भेरूलाल चौधरी, संगठन महामंत्री महेंद्र शर्मा, पूर्व नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा, कांग्रेस नेता भेरूलाल बारेगमा, प्रवक्ता नवरतन जीनगर, राधा किशन शर्मा, किशन माली, मोहनलाल, मदनलाल सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता साथ रहे।

# उमरा-देबारी रेलखंड के दोहरीकरण कार्य को 492 करोड़ की स्वीकृति

स्मार्ट हलचल| उदयपुर

अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री द्वारा राजस्थान में रेल संपर्कों की कड़ी को सुदृढ़ करने के लिए राज्य के विभिन्न भागों में विशेष पहल की जा रही है। इसी कड़ी में राजस्थान के महत्वपूर्ण पर्यटन क्षेत्र उदयपुर में रेल सम्पर्क को बेहतर और सुदृढ़ करने के लिए उमरा - देबारी 25 किलोमीटर रेलखंड के दोहरीकरण कार्य के लिए 492 करोड़ रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस दोहरीकरण से पर्यटन नगरी उदयपुर और आसपास के क्षेत्रों में तेज रेलवे नेटवर्क उपलब्ध होगा। साथ ही क्षेत्र का अहमदाबाद और जयपुर के मध्य भी तीव्र सम्पर्क स्थापित होगा।

इस मार्ग के दोहरीकरण होने से चित्तौड़गढ़ तथा उदयपुर में पर्यटक गतिविधियां बढेगी और भीलवाड़ा में कपड़ा उद्योग तथा चित्तौडगढ़ के आस-पास स्थित सीमेंट इण्डस्ट्रीज को बढ़ावा मिलेगा तथा रोज़गार के नए अवसरों का सृजन होगा । इस मार्ग के दोहरीकरण से लाइन क्षमता में बढ़ोतरी होगी तथा अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य 354 करोड़ रूपए की लागत के साथ प्रगति पर है। इन कार्यों के निष्पादन से उदयपुर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# चौबीसा समाज का 'युवा शक्ति सम्मेलन' मार्च में होगा

## धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को सामूहिक रूप से समिति भवन में कर सकेंगे आयोजित

स्मार्ट हलचल| उदयपुर



चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति उदयपुर की सेक्टर 14 स्थित समिति के निर्माणाधीन भवन में समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में आज बैठक का आयोजन किया गया।

समिति महासचिव हरीश चौबीसा ने बताया कि बैठक में मार्च 2026 में चौबीसा समाज का युवा शक्ति सम्मेलन आयोजन करने का निर्णय किया गया।

इस सम्मेलन में उदयपुर संभाग के वे युवा चौबीसा जिनकी केंद्र अथवा राज्य सरकार के अधीन कार्यालयों में विगत तीन वर्षों में राजपत्रित अधिकारी, अराजपत्रित कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हुई हो अथवा प्राइवेट सेक्टर में अच्छे पदों पर लगे हुए हो या स्वयं का अपना स्टार्ट अप, प्रतिष्ठान, बिजनेस, उद्यम इत्यादि स्थापित किया हो साथ ही विश्व विद्यालय में जिन्हें स्वर्ण पदक से तथा विद्यावाचस्पति (पी एच डी) से नवाजा गया हो ऐसे युवाओं का समिति द्वारा सम्मान किया जाएगा ।

समिति ने धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को सामूहिक रूप से समिति के भवन पर करने का निर्णय लिया। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण हेतु माननीय प्रधानमंत्री महोदय को जिला कलेक्टर के माध्यम से पत्र लिखा जाएगा। निर्माणाधीन भवन के निर्माण एवं विकास हेतु समाज के दानदाताओं से जनवरी 26 में संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में संरक्षक डॉ शरद चंद्र पुरोहित, डॉ कनक प्रसाद व्यास, अध्यक्ष प्रेमशंकर उपाध्याय, महासचिव हरीश चौबीसा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ महामाया प्रसाद चौबीसा, मधु श्याम चौबीसा, उपाध्यक्ष शांतिलाल चौबीसा, कोषाध्यक्ष मनोहर लाल चौबीसा, सह सचिव भूपेश चौबीसा, कार्यकारिणी सदस्य बसंतीलाल चौबीसा, प्रफुल चौबीसा, अशोक मंदावत, कमलेश चौबीसा इत्यादि उपस्थिति रहे।

## अवैध मादक तस्करी के खिलाफ जिला स्पेशल तथा भवानी मंडी पुलिस टीम की सयुंक्त कार्रवाई

# 1 किलो 850 ग्राम अवैध अफीम के साथ युवक गिरफ्तार, लोडिंग ऑटो जप्त

स्मार्ट हलचल



**भवानी मंडी।** पुलिस तथा जिला स्पेशल पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को 1 किलो 850 ग्राम अवैध अफीम सहित गिरफ्तार किया. झालावाड़ जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ एफ जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है अभियान में अधिक से अधिक प्रभावी कार्रवाई करने के लिए जिले के सभी थाना अधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर अपराधियों की धर पकड़ हेतु निर्देशित किया गया है जिसके अंतर्गत जिला स्पेशल टीम तथा पुलिस थाना भवानी मंडी टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए अभियुक्त यूनुस कुंजडा को गिरफ्तार पर अभियुक्त के कब्जे से एक किलो 850 ग्राम अफीम को ज़ब्त किया जाकर तस्करी में प्रयुक्त वाहन एक लोडिंग ऑटो जप्त करने में सफलता प्राप्त की भवानी मंडी पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशन में भवानी मंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर ड ग रोड पर मासूम वाशिंग सेंटर के सामने भवानी मंडी से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए अभियुक्त यूनुस कुजड़ा पुत्र अहमद नूर जाति मुसलमान उम्र 42 साल निवासी मकान नंबर 23 वार्ड नंबर 2 मानसा पुलिस थाना मनासा जिला नीमच गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से एक किलो 850 ग्राम अवैध अफीम जप्त की गई पुलिस उपाधीक्षक प्रेम कुमार ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी की इस कार्रवाई के लिए गठित लिस्ट टीम में भवानी मंडी थाना अधिकारी प्रमोद कुमार कॉन्स्टेबल हरिराम. प्रेमाराम महेश कुमार. नरेंद्र कुमार. सुखदेव .दिनेश कुमार. तथा जिला स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह .कांस्टेबल चंद्रशेखर .राजेश कुमार श्यामलाल. महावीर. रामलाल दौलत राम .जय किशन आदि शामिल थे।

# जवाजा में पैंथर का खौफ, रिहायशी इलाके के पास मवेशी का शिकार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर जवाजा क्षेत्र में पैंथर की लगातार बढ़ती गतिविधियों से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। सोमवार रात्रि पैंथर ने रिहायशी इलाके के बेहद नजदीक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए एक भैंस के बछड़े का शिकार कर लिया। घटना निर्माणाधीन नए अस्पताल के पास की बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पैंथर ने किसान किशन गुर्जर के बाड़े में घुसकर करीब दो साल के भैंस के बछड़े (पाड़े) पर अचानक हमला कर उसे उठा ले गया। घटना के समय आसपास का इलाका शांत था, जिससे पैंथर को वारदात को अंजाम देने में आसानी हो गई।

इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पैंथर का मूवमेंट आबादी क्षेत्र तक पहुंचना बेहद चिंताजनक है। निर्माणाधीन अस्पताल के आसपास इस तरह की घटना से मरीजों, स्टाफ और आम लोगों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में तुरंत पैंथर को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाए, नियमित गश्त बढ़ाई जाए और रिहायशी इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोका जा सके।

# अरावली पर्वत को लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल|कोटा



अरावली पर्वत श्रृंखला को नुकसान पहुंचाने वाले सरकारी आदेशों के खिलाफ हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति संभागीय के चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओ के संयोजक कुन्दन चीता एवं अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित के नेतृत्व मे पर्यावरण प्रेमियों, किसानों एवं समाजिक कार्यकत्ताओं और वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकरं अरावली पर्वत श्रृंखला को तुरंत संरक्षित क्षेत्र घोषित किये जाने की मांग को लेकर किशोर सागर तालाब की पाल पर एक विरोध प्रदर्शन किया गया। चम्बल बचाओं वृक्ष लगाओं अभियान के संयोजक कुन्दन चीता एवं हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के सभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित ने कहा कि अरावली सिर्फ एक पर्वत श्रृंखला नहीं है, बल्कि उत्तर भारत की जीवनरेखा है, यह राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान है, अरावली के अस्तित्व से ही करोड़ों लोगों के जीवन को पर्यावरणीय संतुलन, जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राण वायु मिलती है, उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अरावली क्षेत्र के संबंध में जारी किए गए आदेश पर्यावरण विरोधी और जनविरोधी हैं, ऐसे आदेशों से अवैध खनन के लिए खुली छूट, जंगलों का विनाश, जल स्रोतों की कमी, प्रदूषण में खतरनाक वृद्धि और जलवायु असंतुलन जैसी गंभीर स्थितियां पैदा होंगी । उन्होंने कहा कि अगर इस मामले में जल्द ही कोई सकारात्मक फैसला नहीं लिया गया, तो पर्यावरण प्रेमी विरोध प्रदर्शन करते रहेगें, इस विरोध प्रर्दशन में वरिष्ठ नागरिक संस्थान के अध्यक्ष तेजेन्द्र पाल सिंह सेठी महासचिव डीके अरोड़ा, सामाजिक कार्यकर्त्ता प्रमोद चतुर्वेदी, अरूण भार्गव, किसान नेता दशरथ सिंह, हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के पदाधिकारी महामंत्री विरेन्द्र सिंह राठौड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिकर चिरोरा, गणेश दत्त दाधिच, उपाध्यक्ष ललित शर्मा, जिलाध्यक्ष राजकुमार विजय पिंकी, लीला दाधिच, कांग्रेसी नेता मंजूर तंवर, एडवोकेट अशोक कुमार जैन, रईस चैधरी, हेमन्त झाला, आबिद खान, नितिन गौतम, रईस खान, मायाराम मेघवाल, धन्नालाल मेघवाल, तेजपाल सिंह, लक्ष्मी नारायण सुमन, देवेन्द्र यादव, आबिद भाई, सुनील राज, राजैन्द्र कुमार, जितेन्द्र सिंह हाड़ा, पृथ्वीराज कुशवाह, हेमन्त मालव, गणेश राम, आरिफ बोकड़ा, इकबाल भाई, मोहन सेन शास्त्री, हाकिम सिंह राघव, सूर्य प्रकाश शर्मा मौजूद रहे।

# डिवाइडर पर सो रहे 2 किसानों को बस ने कुचला

स्मार्ट हलचल|बारां



बारां में डिवाइडर पर सो रहे 2 किसानों को स्लीपर बस ने कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, तीसरा किसान बाल-बाल बच गया।

वे कोटा मंडी में धान बेचकर लौट रहे थे और रास्ते में ट्रैक्टर खराब हो गया था। हादसा सोमवार देर रात नेशनल हाईवे-27 पर पलायथा के पास हुआ। हादसे के बाद ड्राइवर बस को लेकर फरार हो गया।

अंता थाना एसआई मांगीलाल सुमन ने बताया कि कागला बम्बोरी निवासी सोरम, छोटूलाल और उसका बड़ा भाई रामकरण ट्रैक्टर-ट्रॉली से धान बेचने के लिए कोटा मंडी गए थे। जहां से देर रात को लौटते वक्त पलायथा के पास बियरिंग टूटने के कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली में खराबी आ गई। ऐसे में ट्रैक्टर को हाईवे के किनारे खड़ा करके तीनों किसान पास की एक टेंट की दुकान से रजाई ओर गद्दे लेकर आए ओर डिवाइडर पर सो गए।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर डिवाइडर पर चढ़ी बस

इस दौरान रात करीब 11.30 बजे रामकरण चाय पीने के लिए कुछ दूर गया था। तभी कोटा की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्लीपर कोच बस वहां खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा चढ़ी। इस दौरान डिवाइडर पर सो रहे दोनों किसानों को भी बस ने कुचल दिया, जिससे छोटू लाल (55) पुत्र चंदालाल बैरवा और सोरम (32) पुत्र हजारीलाल बैरवा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

यह मंजर देख रामकरण ने मदद के लिए शोर मचाया। मौके से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। इस दौरान आनन फानन में बस ड्राइवर बस को लेकर तुरंत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

### पुलिस ने टोल प्लाजा से जुटाए सीसीटीवी फुटेज

पुलिस ने दोनों के शव अस्पताल मॉर्च्युरी में रखवाए। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी बस ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने फतेहपुर टोल ओर सिमलिया टोल से बस के फुटेज भी ले लिए हैं, जिनके आधार पर उसकी तलाश की जा रही है।

# पीएम आवास योजना के आवेदन शुरू

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

स्थानीय नगर पालिका में कच्चे घरों में रहने वाले पात्र परिवारों के लिए पीएम आवास योजना के आवेदन शुरू किए गए हैं। अधिशाषी अधिकारी रीना खंडेलवाल ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में कच्चे घरों में निवास करने वाले वाले एसे परिवार जिनकी वार्षिक आय तीन लाख रुपए से कम है। वे परिवार पीएम आवास योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। पीएम आवास योजना के तहत गरीबों को पक्का मकान बनाने के लिए ढाई लाख रुपए का अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा। आवेदन करने वाले परिवार के पास कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए। पीएम आवास योजना के लिए श्रमिकों एवं सफाई कर्मियों को प्राथमिकता दी जाएगी। पक्का मकान बनाने के लिए अनुदान राशि चार किश्तों में उपलब्ध करवाई जाएगी। पात्र परिवार नजदीकी ईमित्र से ओनलाइन आवेदन कर सकता है।

# जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक हुई सम्पन्न

स्मार्ट हलचल | बूंदी



जल जीवन मिशन अन्तर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने हर घर नल संबंधों की वस्तुस्थिति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जनता जल योजना तहत संचालित कार्यों की प्रगति बढाई जावें। वन विभाग संबंधी अड़चनों को संबंधित विभाग आपसी समन्वय से सुलझाते हुए कार्यों को तेजी से पूरा करें, ताकि आमजन को सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल सुविधाओं के कार्यों को संबंधित विभागीय अधिकारी बेहतर तालमेल के साथ करें, ताकि इनको पूर्ण करने में किसी तरह की परेशानी नहीं आए। साथ ही सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे किए जाएं।उन्होंने स्वीकृत जल योजनाओं, वृहद परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, स्कूल, आंगनबाडी केन्द्र तथा स्वास्थ्य केन्द्रों को नल कनेक्शन से लाभान्वित करने, नल जल मित्र नामांकन आदि बिन्दुओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता सुनील कुमार शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।

# लाडपुरा सहकारी समिति में खाद का गहरा संकट, खाद की कमी से काश्तकार परेशान

### ग्रामीण क्षेत्र में खाद की कमी, अन्नदाता परेशान

### यूरिया खाद में भारी कमी, किसान परेशान

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** क्षेत्र के सहित आसपास के कई गांवों में यूरिया खाद की भारी कमी के कारण किसान परेशान हैं। इन दिनों यूरिया खाद की किल्लत चरम पर है। ग्राम सेवा सहकारी समिति लाडपुरा में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों में भारी नाराजगी व्याप्त है। कई किसानों ने बताया कि वे पिछले कई दिनों में समिति के कई चक्कर लगा चुके हैं, पर हर बार केवल 'आज-कल में खाद आने' का आश्वासन देकर उन्हें लौटा दिया जाता है। भारतीय किसान संघ के चांदमल माली ने बताया कि किसानों को इस परेशानी से राहत के लिए किसान को यूरिया उपलब्ध कराया जावे ताकि खड़ी फसल किसान के हाथ से ना छूट जाए। ग्राम सेवा सहकारी समिति लाडपुरा में करीब 500 खाताधारक हैं। किसानों को अपनी फसलों विशेषकर गेहूं, सरसों, चना की फसल सहित समस्त खड़ी फसलों की ग्रोथ में यूरिया की अति आवश्यकता है। किसान को यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। खाद की किल्लत के चलते किसानों को अपने सारे कामों को छोड़ कर दूर दराज से मजबूर होना पड़ रहा है उसके बावजूद भी यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। फसल में खाद डालने का महत्वपूर्ण समय होने के बावजूद सहकारी समिति पर यूरिया उपलब्ध नहीं है। ऐसे में किसान मजबूरी में दूर दराज से खाद लाने को विवश हो गए हैं। किसानों का कहना है कि स्थानीय स्तर पर खाद नहीं मिलने से उन्हें बाहर से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। जिससे खेती की लागत बढ़ गई है। यदि समय पर खाद नहीं डाल पाए तो फसल सूखने और उत्पादन पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि यूरिया की कमी के चलते स्थानीय सहकारी समिति पर किसानों को खाद नही मिल रही है, जिसके कारण पैदावार पर असर की चिंता किसानों को सता रही है। फसल को यूरिया नहीं मिला तो पैदावार पर अत्यधिक नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

# रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** सीएफसीएल एवं के के बिरला मेमोरियल सोसायटी गड़ेपान के सहयोग से साहस एनजीओ के माध्यम से आस पास के 8 गांवों में प्रोजेक्ट भूमि के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत आज गड़ेपान एवं खान की झोपड़ियां गांवो में बच्चों एवं महिलाओं के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। गड़ेपान गांव में स्कूल के बच्चे हाथों में नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर गांव वालों को जागरूक करते हुए पूरे गांव में घूमे। इसी के साथ खान की झोपड़ियां गांव में भी महिलाओं ने गांव को स्वच्छ बनाने के लिए जागरूकता रैली निकाली जिसमें गांव के पुरुषों ने भी भाग लिया। इस मौके पर गड़ेपान में ग्राम पंचायत प्रशासक रेखा बाई ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। साथ में के के बी एम एस से प्रमोद सुमन एवं प्रोजेक्ट भूमि की पूरी टीम उपस्थिति रही। सर्व विदित है कि के के बिरला मेमोरियल सोसायटी के द्वारा गड़ेपान, भौंरा एवं पलायथा पंचायत को ई रिक्शा देकर इनसे जुड़े गांवों में घर घर कचरा संग्रहण एवं पृथकरण का कार्य किया जा रहा है जिससे इन गांवों को कचरे के ढेरों से निजात मिली है। संस्था द्वारा चलाए जा रहे इस प्रोजेक्ट से जागरूक होकर अन्य पंचायतों में भी घर घर कचरा संग्रहण का कार्य शुरू हो गया है। के के बिरला मेमोरियल सोसायटी के प्रयासों से आने वाले समय में हर गांव साफ सुथरा एवं स्वच्छ बनेगा।

# जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में साधारण सभा आयोजित

### लक्ष्मण मीणा सर्वसमति से बने अखिल भारतीय श्री मीना सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति, कोटा के अध्यक्ष निर्वाचित

### चेयरपर्सन आर.डी. मीणा ने कहा— शिक्षा और संगठन से ही होगा आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास

स्मार्ट हलचल|



**कोटा।** कोटा स्थित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के सभागार में अखिल भारतीय श्री मीना सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति, कोटा की साधारण सभा का भव्य एवं अनुशासित आयोजन किया गया। सभा में समाज के वरिष्ठ नागरिकों, शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं तथा समिति के पदाधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

बैठक में संगठन की वार्षिक गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक सशक्तिकरण, छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, शोध एवं कौशल विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा को केंद्र में रखकर योजनाबद्ध प्रयास आवश्यक हैं।

सभा के दौरान सर्वसम्मति से बस्सी विधायक श्री लक्ष्मण मीणा को क्षेत्रीय संस्थान के अध्यक्ष पद पर पुनः निर्वाचित किया गया। उनके नाम की घोषणा होते ही सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सदस्यों ने उनके नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास जताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में समिति ने सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में कई प्रभावी पहलें की हैं, जिन्हें आगे और गति मिलेगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन श्री आर.डी. मीणा ने कहा कि 'आदिवासी समाज का भविष्य शिक्षा, अनुसंधान और मजबूत संगठन से ही सुरक्षित हो सकता है।' उन्होंने विश्वविद्यालय को केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि आदिवासी संस्कृति, इतिहास और अधिकारों के संरक्षण व संवर्धन का केंद्र बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जुड़े रहें। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री लक्ष्मण मीणा ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की प्रगति का मार्ग शिक्षा, एकता और सेवा से होकर जाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि समिति के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के हर स्तर पर सहयोग दिया जाएगा तथा समाजहित में नए कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। सभा के अंत में चेयरपर्सन श्री आर.डी. मीणा, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और समाज के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# वॉइस ऑफ हाडोती में छाया नवांश के स्वरों का जादू



स्मार्ट हलचल

**बारां।** सुरीली गायकी से दिल छू लेने वाले बाल गायक नवांश गौतम ने एक बार फिर सुरों का जादू बिखेरते हुए रोमांचित किया। बारां में केट वूमन व यूथ विंग की ओर से आयोजित वॉइस ऑफ हाड़ौती- सुरों का महासंगम कॉन्टेस्ट में निर्णायक के रूप इंडियन आइडल फेम आकाश भट्ट ने नवांश के गायन की खुलकर तारीफ की और पुरस्कृत करते हुए गले से लगा लिया। प्रतियोगिता में नवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉन्टेस्ट में जैसे ही नन्हें नवांश ने मंच से जैसी करनी वैसी भरनी गीत की प्रस्तुति दी, पूरा हॉल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। आर्केष्ट्रा पर पहली बार प्रस्तुति में अपनी उम्र से कहीं बड़ी गायकी, आत्मविश्वास और सुरों की पकड़ ने श्रोताओं के दिलों के तार छेड़ दिए। इस छोटे से बालक की प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। सुरों के महासंगम में नवांश की यह प्रस्तुति श्रोताओं के लिए यादगार बन गई। नवांश की आवाज और सुरों के सभी कायल हो गए। कॉन्टेस्ट में संभाग भर से जूनियर व सीनियर वर्ग में 50 से ज्यादा प्रतियोगी शामिल हुए थे।

# स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली मे आयोजित हुआ जिला स्तरीय युवा महोत्सव

स्मार्ट हलचल| करौली



स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल करौली में सोमवार को युवा महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ सीबीईओ सीमा जादौन ने सरस्वती कि प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुये एडीएम हेमराज परिड़वाल ने कहा कि युवा अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर करौली का संभाग एवं राज्य स्तर पर अपना परचम लहराये।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी गुमानाराम ने सम्बोधित करते हुये कहा कि युवाओ को सोशल मीडिया एवं ए आई पर निर्भर नहीं रहे, अपनी वास्तविक प्रतिभा को निखारे, साइबर फ्रॉड से सजग रहे, दुपैया वाहन चालक हेलमेट का उपयोग अवश्य करे क्योंकि सड़क दुर्घटना 50 प्रतिशत वाईक चालकों की उनमें से भी 90 प्रतिशत बिना हेलमेट वाले मृत्यु के शिकार होते हैं।करौली एडीएम हेमराज परिड़वाल, एडिशनल एसपी गुमानाराम, सीडीईओ गोपाल लाल मीना, इंद्रेश तिवाड़ी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय (माध्यमिक/ प्रारंभिक) शिक्षा, सीमा जादौन सीबीईओ करौली, राजेश कुमार मीना अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा, मानसिंह मीना उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा, सहित सभी अतिथियों का तिलक लगाकर बैंड की मधुर ध्वनि के साथ कार्यक्रम स्थल पर लाया गया, प्राधानार्य गोविंद सहाय प्रजापत एवं स्टाफ द्वारा अतिथियों का मोमेंटो एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया, कार्यक्रम में राजेश मीना ने मंच संचालन किया, सोहन लाल तिवाड़ी, गंगाराम प्रजापत, घनश्याम मीना प्राचार्य, समय सिंह, मुखराज मीना, अमित कुमार शर्मा, मनोज कुमार मीणा, मुकेश कुमार मीणा, पुष्पा गुर्जर, मनीषा पूनिया, कुमकुम शर्मा निर्णायक के रूप में मौजूद रहे, समस्त विधाओं में विजेता प्रथम, द्वितीय, तृतीय को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

युवा महोत्सव में प्रमुख गतिविधियां जो आयोजित कि गई।लोक नृत्य(समूह) में शिवानी वाई माली, बन्दना वाई माली, नरेशी वाई माली, करिश्मा मीना, गोलमा मीना, रीना मीना ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।लोकगीत(समूह) रिखब जांगिड़, कुलदीप बैनीवाल, प्रियाक बैनीवाल, अजयवीर बैनीवाल, अभय बैनीवाल, बिष्णु कुमार बैनीवाल के ग्रुप जो की मंडावरा हिण्डौन सिटी से था प्रथम स्थान प्राप्त किया।लोक नृत्य (व्यक्तिगत/एकल) में बॉबी जाटब ने प्रथम स्थान, लोकगीत (व्यक्तिगत/एकल) में अंजली जादौन प्रथम स्थान, कहानी लेखन आदित्य मीना प्रथम स्थान, चित्रकला मोनिका सैनी प्रथम स्थान, भाषण में किर्ति शर्मा ने प्रथम स्थान, कविता लेखन में प्रियांक बैनीवाल प्रथम स्थान, नवाचार/विज्ञान मेला प्रदर्शनी में प्रेमराज मीना प्रथम स्थान, हस्तकला में सोनिया बैरवा ने प्रथम स्थान, टेक्सटाइल में वन्दना सैनी प्रथम स्थान, एग्रो प्रोडक्ट में दिव्या सिंह मीणा प्रथम स्थान, लुप्त कलाओ मे फड़ में प्रथम स्थान अमन कुमार बैरवा, माण्डणा में लक्ष्मी मीना ने प्रथम स्थान, भित्ति चित्र में रजनीकांत नें प्रथम स्थान प्राप्त किया कठपुतली में चंचल कुमारी। ये सभी प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में करौली जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# अरावली बचाओ, पेड़ बचाओ के तहत ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत के निर्देशानुसार, सरकार के अरावली के खनन के तुगलकी फरमान के खिलाफ ब्यावर जिला कांग्रेस सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी के नेतृत्व महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम जिलाधीश महोदय ब्यावर को ज्ञापन दिया।

कार्यक्रम में ब्यावर जिला मुख्यालय पर पी सी सी उपाध्यक्ष एवं आसींद पूर्व विधायक हगामीलाल मेवाड़ा, पी सी सी महासचिव एवं पूर्व विधायक मसूदा राकेश पारीक, ब्यावर विधानसभा प्रत्याशी पारस पंच, ब्यावर जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष किशोर चौधरी, प्रदेश सेवादल सचिव सोहन मेवाड़ा, ब्यावर जिला सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सोनी एवं श्वेत सेना सेवादल द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर महात्मा गांधी सर्किल महात्मा गांधी सर्किल ब्यावर पर विरोध प्रदर्शन किया गया।

अरावली पर्वत श्रृंखला भारत की सबसे पुरानी और महत्वपूर्ण श्रृंखला में से एक है जो राजस्थान हरियाणा और दिल्ली में फैली हुई है यह पर्वत श्रृंखला न केवल प्राकृतिक सौंदर्यकरण का प्रतीक है बल्कि यह जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने, जल संसाधनों का संरक्षण करने और जैव विविधता को बनाए रखने




में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है अरावली पर्वत श्रृंखला को वर्तमान में कड़े चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जैसे कि अवैध खनन वर्षों की कटाई और प्रदूषण इन चुनौतियों के कारण अरावली की हरियाली और जीव विविधता को गंभीर खतरा हो गया है अरावली श्रृंखला को बचाने का आहान किया।

इस अवसर पर पूर्व महिला जिलाध्यक्ष राधिका शर्मा, महिला सेवादल जिलाध्यक्ष एडवोकेट उर्मिला कंवरिया, सेवादल ब्यावर विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट मगन सोलंकी, ब्यावर शहर अध्यक्ष डॉ अरविंद माथुर, बदनोर सेवादल अध्यक्ष चम्पालाल, बर सेवादल अध्यक्ष रज़ाक़ मोहम्मद, जवाजा से सेवादल अध्यक्ष चौथमल बंसीवाल, अरुण शर्मा जिला कोषाध्यक्ष पवन तातेड, बालूराम सेन, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल पंवार, मुकेश जोशी, चेतनाराम जेतारण, विरदाराम सेनी, जिला प्रवक्ता ऋषि लांबा, महासचिव कमलेश बोहरा, अरविंद भटनागर, शंकरलाल कटारिया, रामस्वरूप डागर, छगन मेवाड़ा, राधेश्याम शर्मा, जगदीश शर्मा, प्रदीप कुमावत, हनुमान सांखला, गोवर्धन सांखला, अशोक मूंदड़ा, नरेंद्र भटनागर, पन्नालाल सुनारीवाल, निहालचंद, महावीर सुथार, शंकरलाल प्रजापति, हरिलाल गुर्जर, भेरूलाल गुर्जर, सुरेश साहू, जगदीश पार्षद रामनिवास सेन, गोपाल सांखला, मनोज खूबचंदानी, रवि मखीजा, मोहनलाल मालवीय आदि बड़ी संख्या में सेवादल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में बजरंग दल का प्रदर्शन




स्मार्ट हलचल | बानसूर

बांग्लादेश में हिंदू युवक दीप चंद्र दास की हत्या के विरोध में सोमवार शाम को बानसूर में बजरंग दल द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन नगरपालिका कार्यालय के सामने आयोजित हुआ, जहां कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और इस्लामी कट्टरवाद के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। बजरंग दल के प्रखंड संयोजक मनीष जोशी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर लगातार बढ़ रहे अत्याचार बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने दीप चंद्र दास की निर्मम हत्या को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया और कहा कि ऐसी घटनाएं पूरे हिंदू समाज को आहत करती हैं। जोशी ने केंद्र सरकार व अंतरराष्ट्रीय समुदाय से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री अशोक कोठाला ने भी घटना की निंदा करते हुए हिंसा को अस्वीकार्य बताया। प्रदर्शन में बजरंग दल व विहिप के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोटा पुलिस लाइन का बदला स्वरूप

## डीजीपी ने युवा खिलाड़ी देवांशी के हाथों करवाया लोकार्पण



स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान पुलिस के महानिदेशक श्री राजीव कुमार शर्मा ने अपने कोटा दौरे के दौरान पुलिस लाइन में सामुदायिक विकास और नवाचार की मिसाल पेश की। डीजीपी ने कोटा पुलिस लाइन में नवनिर्मित नव विधान पार्क का लोकार्पण किया। इस उद्घाटन में डीजीपी ने स्वयं फीता काटने के बजाय एक प्रतिभावान युवा खिलाड़ी बिटिया देवांशी से लोकार्पण करवाकर नई पीढ़ी को प्रोत्साहित किया। कोटा एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि यह स्थान कभी कचरे के ढेर से भरा रहता था, जिसे कोटा विकास प्राधिकरण और नगर निगम के सहयोग से एक सुंदर पार्क और ओपन जिम में तब्दील कर दिया गया है। डीजीपी ने इस पार्क में नवीन आपराधिक कानूनों संबंधित जानकारी अंकित करवाने के निर्देश दिए।

डीजीपी ने यहां पर पुलिस परिवार के कुछ प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया और उन्हें प्रोत्साहित किया कि वे पुलिस परिवार की शान है और इसे बनाए रखने के लिए पूरी मेहनत से करियर निर्माण पर ध्यान दें। इस दौरान उन्होंने पुलिस परिवार जनों से भी संवाद किया और उनके क्षतिग्रस्त क्वार्टर की मरम्मत के लिए जल्द ही कार्रवाई करने को आश्वस्त किया।

पार्क के लोकार्पण के बाद डीजीपी ने पुलिसकर्मियों के बौद्धिक विकास व संदर्भ के लिए आधुनिक लाइब्रेरी और प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए उन्होंने वहां उपलब्ध डिजिटल कंटेंट और पुस्तकों की सराहना की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आइगोट प्लेटफॉर्म का अधिक से अधिक उपयोग करने की सलाह दी।

इसके बाद उन्होंने सुरक्षित नारी-सशक्त समाज और साइबर सतर्कता जैसे विषयों पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया, जहाँ नवीन कानूनों और पुलिस की कार्यप्रणाली को ऑडियो विसुअल्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया था।

# सावर से गरजा विकास रथ, जनता तक पहुंचेगी सरकार की ताकत

## विधायक शत्रुघ्न गौत्तम के निर्देश पर रवाना, उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा ने दिखाई हरी झंडी

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूरे होते ही 'बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' अभियान के तहत मंगलवार को सावर से विकास की हुंकार भरते हुए विकास रथ को रवाना किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्पष्ट निर्देशों पर और विधायक शत्रुघ्न गौत्तम के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम ने सावर क्षेत्र में सरकार की मंशा और ताकत को साफ तौर पर जनता के सामने रखा।

उपखंड कार्यालय परिसर से उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा ने विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर सावर क्षेत्र के हर गांव-ढाणी तक सरकार की योजनाएं पहुंचाने का संदेश दिया। विकास रथ का उद्देश्य



साफ था–हर पात्र तक लाभ, हर जरूरतमंद तक सरकार।

इस मौके पर भाजपा विधानसभा जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत, जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, बावन माता मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनजीत सिंह शक्तावत, वरिष्ठ नेता लक्ष्मीनारायण मालावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बस स्टैंड पर ललकार, आमसभा में गूंजा विकास का दावा

अभियान के तहत सावर बस स्टैंड पर आयोजित आमसभा में सरकार के दो वर्षों की उपलब्धियों को बेबाकी से जनता के सामने रखा गया। सभा की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी आस्था शर्मा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला महामंत्री रायचंद बागड़ी, जिला उपाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह शक्तावत, मंडल अध्यक्ष राजवीर हावा, रंगलाल भील एवं अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की मोहसिन बानो मौजूद रहीं। अतिथियों का साफा व माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने दो टूक कहा कि जो काम कांग्रेस सरकार पांच साल में नहीं कर सकी, भाजपा सरकार ने दो साल में जमीन पर उतार दिए। नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के विधायक-मंत्री सत्ता में रहते हुए जनता से कटे रहे, जबकि वर्तमान सरकार सीधे जनता के बीच जाकर जवाबदेही निभा रही है। भाजपा नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं अब कागजों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि सीधे आम आदमी की जिंदगी बदल रही हैं। आमसभा के माध्यम से जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए खुला आह्वान किया गया।

# बीलवाड़ी बस स्टैंड पर जल भराव की समस्या का मामला



स्मार्ट हलचल

**विराटनगर (जयपुर)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में जयपुर- अलवर सड़क मार्ग के बीलवाड़ी बस स्टैण्ड पर सड़क निर्माण कम्पनी की लापरवाही के कारण बस स्टैण्ड के सामने पानी भरने से ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। गोपाल लाल सैन ने बताया कि अलवर तिराहे से थानागाजी तक बस स्टैण्ड पर लंबे समय सड़क अधूरी छोड़ दी थी। जिससे कई दुर्घटनाएं हुई। अब सडक निर्माण पूरा हो गया हैं, लेकिन पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बस स्टैण्ड पर पानी जमा हो जाता है।

जलभराव से यात्री शेल्टर का उपयोग मुस्किल हो गया है। बारिश या प्याऊ से बहता पानी सड़क किनारे जमा होकर कीचड़ में तब्दील हो जाता है, जिससे बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे विशेष परेशानियों का सामना कर रहे हैं। कई बार फिसलने से लोग गिर भी चुके हैं, यात्रियों भारी दिक्कत, गंदगी, बदबू, मच्छरों का प्रकोप और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे स्वास्थ्य और जीवनचर्या प्रभावित होती है लेकिन संबंधित विभाग ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। लेकिन पानी निकासी न होने से हालात और खराब हो गए हैं। यात्रियों को बस का इतजार करते समय सड़क किनारे खड़े होना पड़ता है, जिस दौरान नारायण सिंह शेखावत, भगवान सिंह, लालाराम गुर्जर, तेजपाल तंवर, जयराम वर्मा, रोशन गुर्जर, रामकिशन, मुकेश, नंदुशर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# राजगढ़ नगरपालिका में 35 लाख का 'थैला घोटाला' जाँच ठंडे बस्ते में

## बिना सामान मंगाए ही कागजों में कर दिया भुगतान, बिहार के चारा घोटाले की तर्ज पर धांधली का आरोप

## निदेशालय के आदेश के बावजूद 7 दिन की जाँच महीनों से अटकी, साक्ष्य मिटाने की जताई आशंका

स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** नगरपालिका राजगढ़ में विकास कार्यो के नाम पर राजकीय धन के दुरुपयोग का एक बड़ा मामला गरमाता जा रहा है।

सोमवार को पूर्व पार्षद प्रमोद कुमार पूनियां ने उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नगरपालिका में हुए 35,32,500 रुपये के 'नॉन वूवन कैरी बैग' खरीद घोटाले की लंबित जाँच को तत्काल पूर्ण करने की मांग उठाई। पूनियां ने इस पूरे प्रकरण को बिहार के बहुचर्चित चारा घोटाले की तर्ज पर किया गया भ्रष्टाचार करार दिया है।

### नियमों को ताक पर रखकर हुआ भुगतान

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान तत्कालीन नगरपालिका अध्यक्ष, अधिशासी अधिकारी, वरिष्ठ सहायक और स्टोर शाखा के प्रभारियों ने मिलीभगत कर एक संगठित आपराधिक षडयंत्र रचा। आरोप है कि राजस्थान ट्रेडर्स, रॉयल सप्लायर्स, आदित्य कंस्ट्रक्शन कंपनी और गणपति एंटरप्राइजेज के साथ मिलकर बिना किसी सामग्री की आपूर्ति के ही लाखों रुपये के फर्जी बिल स्वीकृत कर दिए गए। प्रार्थी के अनुसार, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम (आरटीपीपी एक्ट) के नियमों का उल्लंघन कर राजकोष को भारी क्षति पहुँचाई गई है।

### निदेशालय के आदेशों की अवहेलना

मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर के निदेशक ने 25 जुलाई को एक आदेश जारी कर उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में जाँच कमेटी गठित की थी। इस कमेटी को सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट पेश करनी थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी जाँच पूर्ण नहीं हो सकी है। पूर्व पार्षद ने आरोप लगाया कि जाँच में जानबूझकर देरी की जा रही है ताकि दोषियों को बचाया जा सके।

### साक्ष्य नष्ट करने का प्रयास

सोमवार को सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि जाँच में विलंब के कारण आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और नगरपालिका रिकॉर्ड से साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास कर रहे हैं। प्रार्थी ने मांग की है कि राजकीय राशि के गबन के इस गंभीर मामले की जाँच रिपोर्ट तुरंत निदेशालय को भेजी जाए, ताकि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

# राजगढ़ नगरपालिका में शहरी समस्या समाधान शिविर आयोजित, मौके पर हुआ शिकायतों का निस्तारण




स्मार्ट हलचल

**सादुलपुर।** स्वायत्त शासन विभाग के निर्देशानुसार मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय परिसर में 'शहरी समस्या समाधान शिविर-2025' का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पट्टा नामांतरण और तामीर स्वीकृति के एक-एक आवेदन प्राप्त हुए, वहीं विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 16 जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी किए गए। आमजन की सुविधा हेतु शिविर में प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर वार्डों की 09 बंद स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त करवाया गया। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिविर में आए 11 व्यक्तियों की बीपी और शुगर की निःशुल्क जांच की।

नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी गौतम शर्मा ने बताया कि शिविरों की कड़ी में बुधवार को वार्ड संख्या 36 से 40 के लिए नगरपालिका परिसर में शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने वार्डवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर राज्य सरकार द्वारा दी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। इस दौरान अधिशाषी अधिकारी के निजी सहायक सुनील कोठारी, जयंत, मांगीलाल, सुदेश, संदीप, आरती सहित पालिका कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे।

# एक अकेली महिला 125 केन्द्र और अटूट जज्बा लालगंज ब्लाक में सुपरवाइजर बीनू सिंह बनी मिसाल

## मिर्ज़ापुर के लालगंज ब्लॉक में आंगनवाड़ी केंद्रों की अकेले मेंटरिंग कर रहीं सुपरवाइजर बीनू सिंह, जिम्मेदारी और समर्पण से रच रहीं नई मिसाल

स्मार्ट हलचल | मिर्ज़ापुर लालगंज

जनपद मिर्जापुर लालगंज तहसील एवं लालगंज ब्लॉक में इन दिनों महिला सशक्तिकरण, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भाव की एक प्रेरक तस्वीर सामने आ रही है। लालगंज ब्लॉक में संचालित 125 आंगनवाड़ी केंद्रों की निगरानी और मेंटरिंग का जिम्मा इस समय एकमात्र सुपरवाइजर बीनू सिंह के कंधों पर है। सीमित संसाधनों और भारी कार्यभार के बावजूद जिस निष्ठा और प्रतिबद्धता से वह अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं, वह प्रशंसा के योग्य ही नहीं, बल्कि पूरे विभाग के लिए प्रेरणास्रोत बन चुका है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों के पोषण, गर्भवती व धात्री महिलाओं की देखभाल, टीकाकरण, प्री-स्कूल शिक्षा और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी होती है। इतने महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़े 125 केंद्रों की नियमित समीक्षा, कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन, रिकॉर्ड की जांच और कमियों को दूर करना आसान नहीं है, लेकिन बीनू सिंह इसे पूरी गंभीरता से अंजाम दे रही हैं।

स्थानीय आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि बीनू सिंह केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि हर केंद्र की समस्याओं को समझकर समाधान भी सुझाती हैं। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, पोषण आहार की गुणवत्ता सुधारने और समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित कराने में उनकी सक्रिय भूमिका रही है।

ब्लॉक स्तर पर यह साफ दिख रहा है कि उनकी मेहनत का असर आंगनवाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली पर पड़ा है। व्यवस्थाएं बेहतर हुई हैं और योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। अधिकारियों और कर्मचारियों का मानना है कि यदि ऐसे समर्पित सुपरवाइजरों को पर्याप्त सहयोग मिले, तो आंगनवाड़ी व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सकती है। कुल मिलाकर, लालगंज ब्लॉक में 125 आंगनवाड़ी केंद्रों की अकेले मेंटरिंग कर रहीं सुपरवाइजर बीनू सिंह ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची लगन, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से एक व्यक्ति भी बड़े स्तर पर सकारात्मक बदलाव ला सकता है। उनकी यह कार्यशैली निस्संदेह प्रशंसा के योग्य है।

# रीको जैसलमेर में रिश्वत लेते सेक्शन ऑफिसर गिरफ्तार

## प्लॉट पर काम चालू कराने और फाइल ऑनलाइन करने की एवज में मांगे थे 30 हजार

स्मार्ट हलचल | जैसलमेर



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) ने मंगलवार को जैसलमेर स्थित रीको ऑफिस में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी जोधपुर की टीम ने रीको ऑफिस के अनुभाग अधिकारी (सेक्शन ऑफिसर) भवानी शंकर स्वामी को परिवादी से 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी मुख्यालय के अनुसार-परिवादी की भाभी के नाम किशनघाट औद्योगिक क्षेत्र में एक प्लॉट आवंटित था, जिसे रीको ने वर्ष 2024 में निरस्त कर दिया था। अपील के बाद प्लॉट को दुबारा बहाल तो कर दिया गया, लेकिन आरोपी भवानी शंकर स्वामी पत्रावली से जुड़े दस्तावेजों को ऑनलाइन करने और मौके पर काम शुरू करने की अनुमति देने के बदले 30 हजार रुपए की मांग कर रहा था।

# चक्रवात डिटवाहः भारत ने श्रीलंका को 45 करोड़ डॉलर के पैकेज की दी सौगात

स्मार्ट हलचल | शाश्वत तिवारी

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक विशेष संदेश श्रीलंकाई राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके को देने, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर श्रीलंका पहुंचे। कोलंबो पहुंचने पर डॉ. जयशंकर का स्वागत पर्यटन उपमंत्री रुवान रणसिंघे ने किया।

23 दिसंबर को विदेश मंत्री ने श्रीलंकाई विदेश मंत्री विजिता हेरथ से बातचीत की। बैठक के दौरान, डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत ने श्रीलंकाई सरकार के साथ 450 मिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रस्तावित सहायता पैकेज पर बातचीत शुरू कर दी है। इस पैकेज में 350 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रियायती लाइन ऑफ क्रेडिट और 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर का अनुदान शामिल है।



इसके बाद डॉ. जयशंकर ने राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और प्रधानमंत्री मोदी की शुभकामनाएं और चक्रवात डिटवाह के बाद भारत की एकजुटता का संदेश दिया। बाद में एक पोस्ट में, विदेश मंत्री ने प्रस्तावित सहायता पैकेज के तहत शामिल किए जाने वाले मुख्य क्षेत्रों की रूपरेखा बताई। इनमें सड़क, रेलवे और पुल कनेक्टिविटी का पुनर्वास और बहाली; पूरी तरह से नष्ट या आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों का निर्माण, चक्रवात से प्रभावित स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों के लिए समर्थन, संभावित अल्पकालिक और मध्यम अवधि की कमी को दूर करने के लिए कृषि सहायता, और आपदा प्रतिक्रिया और तैयारी को मजबूत करने के उपाय शामिल हैं।

विदेश मंत्री जयशंकर ने राष्ट्रपति दिसानायके और विदेश मंत्री हेरथ के साथ उत्तरी प्रांत के किलिनोच्ची जिले में 120 फुट लंबे दोहरी लेन वाले बेली ब्रिज का संयुक्त रूप से उद्घाटन भी किया। यह पुल चक्रवात डिटवाह से बुरी तरह प्रभावित क्षेत्र में कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बनाया गया था।

डॉ. जयशंकर ने श्रीलंकाई प्रधानमंत्री डॉ. हरिणी अमरासुरिया से भी मुलाकात की और चक्रवात के बाद श्रीलंका की रिकवरी और पुनर्निर्माण प्रयासों में भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बाद में दिन में, उन्होंने विदेश मंत्री विजिता हेरथ, पर्यटन उप मंत्री रुवान रणसिंघे, स्वास्थ्य मंत्री नलिंदा जयतिस्सा और श्रम और उपवित्त मंत्री अनिल जयंता के साथ बातचीत की। इन मुलाकातों के दौरान, विदेश मंत्री ने श्रीलंका की रिकवरी और पुनर्निर्माण के लिए भारत के पूरे समर्थन को दोहराया और प्रस्तावित सहायता पैकेज के लागू होने के साथ-साथ अतिरिक्त राहत उपायों पर भी चर्चा की।

# भारत और न्यूज़ीलैंड ने ऐतिहासिक एफटीए समझौते पर किए हस्ताक्षर

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

भारत-न्यूज़ीलैंड संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में, दोनों देशों ने एक लंबे समय से प्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो उनकी द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी में एक नए चरण की शुरुआत है। यह समझौता भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

'एक्स' पर एक पोस्ट में इसकी घोषणा करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एफटीए के पूरा होने को द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक बड़ा बढ़ावा बताया। उन्होंने कहा भारत-न्यूज़ीलैंड संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण, द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को एक मजबूत बढ़ावा मिला है! मेरे मित्र पीएम क्रिस्टोफर



लक्सन और मैंने कुछ समय पहले ऐतिहासिक भारत-न्यूज़ीलैंड मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने के बाद बहुत अच्छी बातचीत की। सिर्फ नौ महीनों में पूरा हुआ यह ऐतिहासिक मील का पत्थर हमारे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को गहरा करने की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और साझा महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने भी इस समझौते का स्वागत करते हुए इसे भारत-न्यूज़ीलैंड संबंधों में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। एक्स पर अपने पोस्ट में, उन्होंने कहा, 'पीएम नरेंद्र मोदी और पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के मार्गदर्शन में रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ भारत-न्यूज़ीलैंड एफटीए हमारी साझेदारी को तेज विकास की राह पर ले जाता है। यह निश्चित रूप से सभी क्षेत्रों में व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता बाजार तक पहुंच बढ़ाएगा, गहरे निवेश प्रवाह को प्रोत्साहित करेगा और इनोवेटर्स, उद्यमियों, किसानों, एमएसएमई, छात्रों और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करेगा।

समझौते के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत और न्यूज़ीलैंड ने वस्तुओं, सेवाओं और निवेश को कवर करने वाले एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी कर ली है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक समझौते से महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ होने, विशेष रूप से युवाओं के लिए रोजगार पैदा होने, बाजार तक पहुंच मजबूत होने और दोनों देशों के लोगों के लिए दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



# ब्लीच करवाती है तो इन बातों का भी रखें ख्याल

आमतौर पर महिलाएं व लड़कियां अपनी त्वचा की रंगत निखारने के लिए पार्लर में ब्लीच करवाती है या कई बार घर पर खुद ही करती है। अगर आप भी घर पर खुद से ब्लीच करती हैं तो ये 10 बातें आपको जरूर जानना चाहिए –

- चेहरे को साफ–सुथरा व कांतिमय बनाने के लिए 'ब्लीच' एक बेहतर विकल्प है। ब्लीच आपकी त्वचा के अनचाहे बालों को छिपाने के साथ ही त्वचा में सोने सा निखार भी लाता है।
- ब्लीच का इस्तेमाल हाथ, पैर व पेट पर भी वेक्स के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।
- ध्यान रहे ब्लीच में अमोनिया की मात्रा निर्देशानुसार ही मिलाए। इसमें अमोनिया की अधिक मात्रा आपके चेहरे को नुकसान पहुंचा सकती है।
- इसे लगाते समय बस इस बात का जरूर ध्यान रखें कि यदि यह आंखों के ऊपर लग गया तो बहुत अधिक नुकसानदेह हो सकता है। बेहतर होगा कि आप इसे आंखों व आई ब्रो पर नहीं लगाएं।
- आजकल बाजार में कई प्रकार की कंपनियों के ब्लीच उपलब्ध हैं, जिनके ट्रायल पैक का इस्तेमाल कर आप उन्हें अपनी स्कीन पर आजमा सकती है।
- बॉक्स पर दिए गए निर्देशानुसार ही ब्लीच क्रीम में अमोनिया पावडर की मात्रा डालें।
- क्रीम और पावडर के इस मिश्रण को पहले कोहनी पर या अन्य जगह पर लगाकर देखें।
- त्वचा में अधिक जलन होने पर मिश्रण में क्रीम की मात्रा बढ़ाएं।
- हमेशा ब्रांडेड कंपनी का ही ब्लीच इस्तेमाल करें।



# सिर्फ 5 मिनट में मिटेगी सिर की खुजली, स्कैल्प में लगाएं ये नैचरल हर्ब

**अगर आपके सिर में बहुत खुजली हो रही है और इस कारण डैंड्रफ भी परेशान कर रहा है तो आपको कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। बल्कि अपना फ्रिज खोलकर चुटकियों में इस समस्या का समाधान कर सकते हैं.**

- सिर की खुजली एक आम समस्या है। हर मौसम में अलग–अलग कारणों से यह समस्या परेशान कर सकती है। यदि आप भी इसका सामान कर रहे हैं तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। बल्कि आप यहां बताए गए तरीके से सिर्फ 5 मिनट में अपने सिर की खुजली से राहत पा सकते हैं।
- यह तरीका अपनाने के लिए आपको चाहिए एक नींबू और दो चम्मच सादा पानी (मिनरल वॉटर होगा तो और भी अच्छा रहेगा)। इसके बाद इन दोनों को मिलाकर अपने बालों की स्कैल्प में लगाना है। कैसे लगाना है और कितनी देर लगाना, इस बारे में यहां जानें.
- सबसे पहले आप 1 नींबू लेकर उसे काट लें और उसका रस निकाल लें। नींबू का रस निकालते समय आप कटोरी के ऊपर छलनी रखकर इसे निचोड़ें ताकि इसके रेशे और बीज, रस के साथ मिक्स ना रहें और छलनी में ही अलग हो जाएं।
- अब आप इस रस में दो चम्मच पानी मिला लें। यदि आपके बाल लंबे हैं तो आप दो नींबू ले सकते हैं और इसमें 4 चम्मच पानी मिला सकते हैं। नींबू और पानी के घोल को तैयार करने के बाद इसमें एक चम्मच गुलाबजल मिला लें।
- नींबू, पानी और गुलाबजल के मिश्रण को मुख्य रूप से बालों की जड़ों में लगाना है। ताकि आपके सिर की खुजली को शांत किया जा सके और डैंड्रफ को दूर किया जा सके। सिर की त्वचा में इस मिश्रण को लगाने के लिए आप आधे नींबू का वो छिलका लें, जिससे आपने रस निचोड़ा है।
- अब इस छिलके को तैयार मिश्रण में डुबोकर अपने बालों की जड़ों में हल्के हाथों से रगड़ते हुए लगाएं। आपको धीरे–धीरे यह काम करना है ताकि आपकी त्वचा इस लिक्विड को सोख सके और यह बहते हुए आपके चेहरे और गर्दन पर ना आए।
- इस मिश्रण को पूरे सिर में लगाने के बाद बालों की लंबाई में भी लगाएं। इसके बाद बालों को बांध लें और करीब आधा घंटा के लिए इसे ऐसे ही लगा रहने दें। जब आप इस मिश्रण को बालों में लगा रहे होंगे, आपकी खुजली तभी शांत होती जाएगी।
- हो सकता है कि सिर की त्वचा में हल्की–सी झनझनाहट हो, लेकिन यह 2 से 3 मिनट में ही ठीक हो जाएगी। आपको आधा घंटे के लिए यह मास्क लगाने के लिए इसलिए कहा जा रहा है ताकि आपके सिर से डैंड्रफ भी पूरी तरह गायब हो जाए।
- यदि आपको डैंड्रफ की समस्या नहीं है तो पूरे सिर में नींबू लगाने के 5 मिनट बाद भी आप अपने बालों को हर्बल शैंपू से धो सकते हैं। बस इस बात का ध्यान रखें कि शैंपू करने के लिए जिस पानी का उपयोग करें, वह निमाया (बहुत हल्का–सा गर्म) होना चाहिए। ताकि सर्दी के मौसम में आपको जुकाम ना हो।
- इस बात का ध्यान रखें कि नींबू बालों के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है लेकिन इसका बहुत अधिक उपयोग करने से बालों में रूखापन बढ़ सकता है। इसलिए यदि आप सप्ताह में एक सो दो बार बालों में नींबू लगाते हैं तो यह पर्याप्त है। इससे अधिक बालों में नींबू का उपयोग करने से रूखापन बढ़ सकता है।
- नींबू के रस में साइट्रिक एसिड और विटमिन–सी पाए जाते हैं। साथ ही नींबू का रस ऐंटिबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। यह सिर में खुजली करनेवाले बैक्टीरिया और फंगी इत्यादि को दूर करता है। स्कैल्प की गहरी सफाई करता है।
- गुलाबजल सिर में हो रही जलन और खुजली को शांत करने में सहायता करता है। यह सिर की त्वचा को टोन करता है और बालों की जड़ों में नमी को ब्लॉक करने में मदद करता है। ताकि सिर में डैंड्रफ ना आए।



# टीकाकरण कार्ड को अप–टू–डेट रखना प्रत्येक माता–पिता के लिए क्यों जरूरी है

**नए बच्चे का जीवन में आना हर मां-बाप के लिए एक रोमांचक समय होता है। चाहे वह नवजात शिशु को अपनी बाहों में उठाना हो या फिर बच्चे की जरूरतों के इर्द-गिर्द अपने जीवन को व्यवस्थित करना हो, पितृत्व की खुशियां किसी से कम नहीं होतीं। इस उत्साह के बीच, माता-पिता अक्सर उन जिम्मेदारियों का सामना करते हुए दिखते हैं, जिनके लिए वे तैयार ही नहीं थे। बच्चों की बहुत सारी जरूरतें होती हैं, खासकर तब जब उनके स्वास्थ्य की बात आती है। कई माता-पिता टीकाकरण की योजना बनाते समय अनिश्चितता में रहते हैं। जब आप पहली बार माता-पिता बनते हैं, तो शिशु का टीकाकरण अपरिहार्य यानी बेहद जरूरी- सा लगता है।**

बतौर माता–पिता अपने बच्चे को पूरी तरह से सुरक्षा देने के लिए प्रथम चरण के टीकाकरण को प्राथमिकता देना जरूरी है। जीवन के प्रारंभिक वर्षों के दौरान, बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली लगातार विकसित हो रही होती है, जो उन्हें बहुत सारी बीमारियों के प्रति अतिसंवेदनशील बनाती है। सही टीकाकरण करके बच्चों को एक दर्जन से अधिक गंभीर बीमारियों से बचाया जा सकता है। वास्तव में, अप–टू–डेट टीकाकरण न केवल बच्चे के लिए, बल्कि उन सभी के लिए महत्वपूर्ण है, जो नियमित रूप से उसके आसपास रहते हैं।

## टीकाकरण का ध्यान रखना

आपके बच्चे के अधिकांश टीकाकरण जन्म और 6 साल के बीच पूरे होते हैं। कई टीके अलग–अलग उम्र में, और कॉम्बिनेशन में एक से अधिक बार दिए जाते हैं। इसका मतलब है कि आपको अपने बच्चे के हर टीके का सावधानीपूर्वक रिकॉर्ड रखना होगा। यद्यपि कभी–कभी आपका डॉक्टर / अस्पताल भी नजर रखेगा, लोग शहरों / डॉक्टरों को बदलते हैं, रिकॉर्ड खो जाते हैं, और इसलिए आपके बच्चे के टीकाकरण पर नजर रखने के लिए अंतत: जिम्मेदार व्यक्ति आप ही हैं।

## टीकाकरण कार्ड बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य का पासपोर्ट

टीकाकरण की प्रक्रिया को सरल बनाने और माता–पिता को अपने बच्चे के टीकाकरण का ट्रैक रखने में मदद करने के लिए, टीकाकरण कार्ड होना जरूरी है। दुनिया भर के बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा व्यापक रूप से रेकमेंडेड टीकाकरण कार्ड उपयोगी स्वास्थ्य रिकॉर्ड है, जिसमें टीकाकरण की तारीखों और खुराक के बारे में जानकारी शामिल होती है। अक्सर, माता–पिता टीकाकरण के महत्व के बारे में जानते हैं, लेकिन एक उचित रिकॉर्ड की कमी के कारण महत्वपूर्ण टीकाकरण छूट जाते हैं। इस जगह पर टीकाकरण कार्ड एक संगठनात्मक दस्तावेज के रूप में काम आता है, जिसमें सभी प्रकार का डेटा एक ही स्थान पर रखा जाता है, ताकि माता–पिता अपने बच्चे के स्वास्थ्य पर नजर रख सकें। अपने बच्चे के टीकाकरण कार्ड के बारे में सोचें और इसे अपने अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ संभालकर रखें। आप यहां से आसानी से पढ़ा जाने वाला टीकाकरण कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

## टीकाकरण कार्ड इतना महत्वपूर्ण क्यों है

रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) की सिफारिश है कि बच्चों को टीकाकरण कार्ड में उल्लिखित अनुसूची के अनुसार टीका लगाया जाना चाहिए। यह बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा रेकमेंडेड है, ताकि बच्चों में समय पर ढंग से रोग प्रतिरोधक क्षमता का निर्माण किया जा सके, जो जानलेवा बीमारियों में बदल सकता है। जब बच्चे एक विशेष उम्र तक पहुंच जाते हैं, तो वे कुछ बीमारियों के प्रति अतिसंवेदनशील हो जाते हैं। तो इसलिए एक सारणी का पालन करना आवश्यक है, जो सुरक्षित और विज्ञान पर आधारित हो। इसके अलावा यह बार–बार बच्चे को हेल्थ केयर प्रोवाइडर के पास ले जाने से भी बचाता है और मां को उसके बच्चे के स्वास्थ्य पर नियंत्रण की समझ भी देता है। उम्र के हिसाब से टीकाकरण आम तौर पर माता–पिता पहले



वर्ष के टीकाकरण का विवेकपूर्ण तरीके से पालन करते हैं और जैसे–जैसे उनका बच्चा बढ़ता है, वैसे–वैसे वे आगामी टीकाकरण के प्रति लापरवाही बरतने लगते हैं। बच्चे के जीवन में पहले पांच साल उनकी वैक्सीनेशन जर्नी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और टीके नीचे दिए गए हैं :

**जन्म पर :**
बीसीजी ( टूबर्क्यूलोसस), हेपेटाइटिस बी
ओपीवी (ओरल पोलियो वैक्सीन)

**6 सप्ताह से 6 महीने के बीच :**
डीटीपी, हिब, हेप–बी, आईपीवी
पीसीवी (न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन)
रोटावायरस

**6–12 महीनों के बीच :**
इन्फ्लुएंजा (5 वर्ष तक के बच्चों के लिए अनुशंसित)
एमएमआर (खसरा, गलसुआ और रूबेला)
टाइफाइड, मेनिंगोकोक्सल

**1–2 साल के बीच :**
हेपेटाइटिस–ए,
चिकनपॉक्स, डीटीपी, हिब, आईपीवी
न्यूमोकोकल, एमएमआर

**2–6 साल के बीच :**
मेनिंगोकोक्सल, एमएमआर, डीटीपी, आईपीवी

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा टीकाकरण और टीकाकरण प्रथाओं, 2020–21 की सलाहकार समिति के अनुसार अनुसूची विशेष स्थितियों के लिए
डीटीपी : डिफ्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस ; हिब : हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप बी ; हेप–बी : हेपेटाइटिस बी ; आईपीवी : इंजेक्शन पोलियो वैक्सीन

## टीकाकरण कार्ड के बारे में मुख्य जानकारी

टीकाकरण कार्ड सबसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य दस्तावेज में से एक है, जो एक बच्चे का होना जरूरी है। हमेशा अपने बाल रोग विशेषज्ञ के पास जाने के दौरान इसे अपने साथ रखें। माता–पिता की जिम्मेदारी है कि जब भी वो बाल रोग विशेषज्ञ के पास जाएं, तो कार्ड को जरूर अपडेट करवाएं। इस प्रकार, माता–पिता से यदि गलती से टीकाकरण चूक जाए या फिर ड्यू रह जाए, तो वह इसके लिए तैयार रह सकते हैं। ऐसे मामलों में तत्काल कदम उठाना चाहिए और सबसे पहले बाल रोग विशेषज्ञ से अगले टीकाकरण के लिए परामर्श करना चाहिए और चीजों को नियंत्रण में रखना चाहिए। माता–पिता को अधिक तैयार रखने के लिए इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स द्वारा इम्यूनाइज इंडिया ऐप जैसी कई मुफ्त डिजिटल टीकाकरण अनुस्मारक सेवाएं (डिजिटल वैक्सीनेशन रिमांइडर सर्विस) भी हैं। टीकाकरण कार्ड को मेंटेन करने के अलावा, ये ऐप्स सुनिश्चित करते हैं कि माता–पिता अपने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अधिक सक्रिय हों। जब आपके बच्चे के अच्छे स्वास्थ्य की बात आती है, तो समय पर टीकाकरण ही उसे दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान कर सकता है और स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी इम्यूनिटी बनाने में मदद कर सकता है।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com